
दैनिक
Mission of Truth
# मिशन नेशनल न्यूज
TITLE CODE.: UTTHIN05386
हिन्दी अखबार
प्रसारित स्थान : उत्तराखण्ड ● प्रयागराज ● मथुरा ● बिजनौर ● सहारनपुर ● मुजफ्फरनगर ● मेरठ ● गाजियाबाद
वेबसाईट पढ़े: www.missionnationalnews.com
वर्ष-2 अंक-326 पृष्ठ-8 : मूल्य : 1 रुपये
हरिद्वार, शनिवार, 23 नवंबर 2024

## रविवार को टकरा सकता है बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात फेंजल

**नई दिल्ली**

बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवातीय स्थिति बन चुकी है, जिससे मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में ह्यफेंजलह्ण नामक चक्रवात के बनने की संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार रात को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण अंडमान और निकोबार के पास बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवातीय दबाव क्षेत्र बन चुका है। इसके प्रभाव से आस-पास के क्षेत्रों में एक निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना है, जो धीरे-धीरे तेज होकर ह्यगहरे दबावह्ण और फिर चक्रवात का रूप ले सकता है।

अगर यह चक्रवात पूर्ण रूप लेता है, तो इसे ह्यफेंजलह्ण नाम



दिया जाएगा। यह नामकरण सऊदी अरब द्वारा किया गया है। इससे पहले अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में इसी क्षेत्र में बने ह्यदानाह्ण चक्रवात ने भारी प्रभाव डाला था, जिसका नाम कतर द्वारा दिया गया था। हालांकि, आईएमडी ने अब तक इस संभावित चक्रवात की सटीक दिशा, तीव्रता या उससे होने वाले नुकसान के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दी है।

मौसम विभाग ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। प्रशासन ने भी ऐहतियाती कदम उठाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। समुद्र में मछुआरों को नहीं जाने की सलाह दी गई है। मौसम विशेषज्ञों ने गुरुवार को कहा है कि चक्रवातीय दबाव अगले 24 घंटे में और मजबूत हो सकता है। समुद्री परिस्थितियों और हवाओं की गति के चलते यह चक्रवातीय दबाव शनिवार या रविवार को मुख्य भारतीय भूभाग के तटीय क्षेत्रों तक पहुंच सकता है। इसके चलते तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में इसका असर पड़ सकता है। श्रीलंका के उत्तरी तटीय इलाकों में भी इस्के प्रभाव की आशंका जताई गई है।

## एग्जिट पोल्स में महाराष्ट्र सीएम के लिए लोगों की पहली पसंद शिंदे

**मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले एग्जिट पोल्स ने महायुति और महाविकास अघाड़ी में कड़ी टक्कर का अनुमान लगाया है। इनमें से कई एग्जिट पोल्स कह रहे हैं कि बीजेपी के नेतृत्व वाले महायुति को जीत मिलेगी तो तीन एग्जिट पोल्स महाविकास अघाड़ी को जिता रहे हैं। इस बीच एक अन्य एग्जिट पोल ने सीएम की पसंद के बारे में भी बताया है।

सर्वे के मुताबिक जनता ने महाराष्ट्र में सीएम के तौर पर मौजूदा सीएम एकनाथ शिंदे को ही अपनी पहली पसंद बताया है। सर्वे में कहा गया है कि 31 फीसदी लोग एकनाथ शिंदे को दोबारा सीएम देखना चाहते हैं। दूसरे नंबर पर उद्धव ठाकरे हैं। उन्हें 18 फीसदी लोगों की पसंद उद्धव ठाकरे हैं। यह देवेंद्र फडणवीस के लिए झटके की तरह है, जो फिलहाल डिप्टी सीएम हैं और बीजेपी के नंबर वन पार्टी बनने की स्थिति में उन्हें सीएम के तौर पर देखा जा रहा है। देवेंद्र फडणवीस को 12 फीसदी लोगों ने सीएम के तौर पर अपनी पसंद बताया। इसके बाद चौथे नंबर पर शरद पवार आते हैं और 5वें स्थान पर बहुजन अघाड़ी के नेता प्रकाश आंबेडकर हैं। उन्हें 3 फीसदी लोगों ने पसंद किया है।

इस रेटिंग में अजित पवार काफी नीचे हैं, जो कई बार कह चुके हैं कि वह राज्य का सीएम बनना चाहते हैं। वह संयुक्त रूप से छठे नंबर पर हैं। उनके साथ ही नितिन गडकरी और नाना पटोले को भी 2 फीसदी लोगों ने सीएम के तौर पर अपनी पसंद बताया है। यही नहीं महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे भी 2 फीसदी लोगों की पसंद हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा के बाद स्वदेश वापसी

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को तीन देशों की ऐतिहासिक यात्रा के बाद स्वदेश वापसी की है। प्रधानमंत्री की नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की पांच दिवसीय यात्रा कई मायनों में महत्वपूर्ण रही है। मोदी 16 से 21 नवंबर तक तीन देशों की यात्रा की। विदेश यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया के 31 ग्लोबल लीडर्स और वैश्विक संगठन प्रमुखों से मुलाकात की। उन्होंने नाइजीरिया में एक द्विपक्षीय बैठक में भाग लिया, ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान 10 द्विपक्षीय बैठकें की। गुयाना यात्रा के दौरान मोदी ने 9 द्विपक्षीय बैठकें की। ब्राजील में पीएम मोदी ने ब्राजील, इंडोनेशिया, पुर्तगाल, इटली, नॉर्वे, फ्रांस, यूके, चिली, अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं से द्विपक्षीय मुलाकात की। अपनी तीन देश की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सबसे पहले नाइजीरिया पहुंचे। यहां दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद वह ब्राजील के रियो डी जनेरियो गए। जहां मोदी ने जी20 समिट में हिस्सा लिया। इसके बाद गुयाना की यात्रा की। नाइजीरिया और गयाना ने पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी सम्मानित किया।

### सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 10 नक्सली ढेर, ऑटोमैटिक हथियार बरामद

**सुकमा**

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की घेराबंदी और उनको मौत की नींद सुलाने का काम जारी है। सुकमा जिले के कोन्टा के भेज्जी इलाके में नक्सलियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए हैं उनके शव बरामद हुए हैं। साथ ही मौके से बड़ी संख्या में हथियार मिले हैं। इलाके में अभी भी सर्चिंग जारी है।

सूत्रों के मुताबिक मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मौके से जवानों ने तीन ऑटोमैटिक समेत कई हथियार बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि नक्सलियों के साथ शुक्रवार सुबह जवानों के साथ मुठभेड़ हुई थी। दोनों तरफ से सैकड़ों राउंड फायरिंग हुई। साथ ही कई ऑटोमैटिक हथियार भी मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डीआरजी की टीम नक्सलियों की घेराबंदी करने निकली थी। सूचना मिली कि ओडिशा के रास्ते नक्सली छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर गए हैं। इसके बाद ही टीम घेराबंदी के लिए गई। डीआरजी जवानों के साथ सीआरपीएफ के जवान भी मुठभेड़ में शामिल थे।

वहीं, बस्तर आईजी ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। मारे गए नक्सलियों की संख्या और हथियारों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों ओर से गोलीबारी हुई। सुकमा एसपी ने नक्सलियों के शव मिलने की पुष्टि की है। कोराजुगुड़ा, दंतेसपुरम, नागाराम, भंडारपदर के जंगल-पहाड़ी में यह मुठभेड़ हुई है। यह मुठभेड़ उस समय हुई जब जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया।

## मप्र-उप्र समेत 6 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट

### कानपुर-गोरखपुर में विजिबिलिटी 500 मीटर - राजस्थान के माउंट आबू में तापमान 5 डिग्री


**नई दिल्ली**

देश में उत्तर भारत के राज्यों में ठंड और घने कोहरे का असर लगातार बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार, राजस्थान और मप्र में शुक्रवार को घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। घने कोहरे के कारण उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और कानपुर में विजिबिलिटी घटकर 500 मीटर रह गई। उधर, राजस्थान के हिल स्टेशन माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मप्र में भी ठंड का असर कम नहीं हो रहा है। मप्र के 8 शहरों में टेम्प्रेचर 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। भोपाल में तापमान 10.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह पिछले 10 साल में नवंबर का तीसरा सबसे कम तापमान है। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ों में बर्फबारी पिछले 2 दिनों से नहीं हो रही है। इसके बावजूद श्रीनगर में तापमान 0.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। शोपियां गुरुवार को देश का सबसे ठंडा जिला रहा। यहां तापमान माइनस 3.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। वहीं, अनंतनाग में माइनस 3.5 डिग्री, पुलवामा में माइनस 3.4 डिग्री पहुंच गया था।

नॉर्थ ईस्ट में तेज बारिश, दक्षिण में सर्दी कम

मौसम विभाग ने कहा है कि नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में तेज बारिश का दौर अभी जारी रहेगा। शुक्रवार को असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बिजली गिरने के साथ तेज हवा और तेज बारिश का अनुमान है। दक्षिण भारत के राज्यों में ठंड का असर उत्तर भारत के राज्यों से कम है। तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल में 1 हफ्ते से तेज



बारिश का दौर चल रहा था। गुरुवार रात से यहां बारिश रुक गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि 25 नवंबर से दक्षिण भारत के राज्यों में बारिश हो सकती है।

## विनोद तावड़े का राहुल-खडगे को 100 करोड़ का नोटिस

### कहा- मुझे और भाजपा को बदनाम करने के लिए 5 करोड़ बांटने का आरोप लगाया, माफी मांगें

**मुंबई**

महाराष्ट्र चुनाव से पहले हुए कैश कांड पर भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी को नोटिस भेजा है। तावड़े ने कहा कि इन नेताओं ने कहा कि मुझे 5 करोड़ कैश बांटते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। इन लोगों ने कहा कि मैं जनता में पैसे बांट रहा था।

महाराष्ट्र में वोटिंग से एक दिन पहले 19 नवंबर को बहुजन विकास अघाड़ी ने तावड़े पर 5 करोड़ रुपए बांटने का आरोप लगाया था। बीवीए अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर और उनके बेटे क्षितिज 19 नवंबर विरार के होटल पहुंचे। यहां तावड़े नालासोपारा से भाजपा कैंडिडेट राजन नाइक और पार्टी कार्यकताओं के साथ मीटिंग कर रहे थे। बीवीए ने आरोप लगाया कि तावड़े 5 करोड़ रुपए लेकर होटल पहुंचे थे और यहां वोटर्स को पैसे बांटे जा रहे थे।

**माफी मांगे या कोर्ट कार्रवाई का सामना करें**


तावड़े ने 100 करोड़ का नोटिस भेजा है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने सिर्फ मुझे और मेरी पार्टी को बदनाम करने के लिए ऐसा किया। इससे मुझे दुख पहुंचा है। मैं एक मिडिल क्लास फैमिली से आता हूं। पिछले 40 साल से मैं राजनीति में हूं और मैंने कभी ऐसा कुछ नहीं किया है। कांग्रेस नेता मीडिया और लोगों के बीच झूठ बोल रहे हैं। मैं खडगे, राहुल गांधी और कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को कोर्ट नोटिस भेज रहा हूं। मैं चाहता हूं कि ये जनता के बीच मुझ से माफी मांगें या फिर कार्रवाई का सामना करें।

## अब पुतिन के रडार पर पोलैंड, एक ही वार में अमेरिका और यूक्रेन के हौंसले हो जाएंगे पस्त

**मॉस्को**

रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष ने अब एक नया और खतरनाक मोड़ ले लिया है, क्योंकि दोनों देशों ने अब लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग करना शुरू कर दिया है। यूक्रेन ने अमेरिकी एटीएसीएमएस मिसाइलों से रूस पर हमले तेज कर दिए हैं, जबकि रूस ने भी कीव पर इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) दागकर अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया है, यह संकेत देता है कि वह संघर्ष में किसी भी हद तक जा सकता है। इस बीच, रूस ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने पोलैंड में स्थित नए अमेरिकी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस बेस को अपनी टारगेट प्रायोरिटी लिस्ट में शामिल कर लिया है। यह बेस बाल्टिक कोस्ट के पास स्थित रेड्जिकोवो शहर में है, जिसे 13 नवंबर को आधिकारिक तौर पर खोला गया था। रूस का कहना है कि इस प्रकार की पश्चिमी सैन्य सुविधाएं उसके लिए खतरे की घंटी हैं।

रूसी विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक बयान जारी करते हुए कहा, पोलैंड में अमेरिकी



मिसाइल डिफेंस बेस को हमारी संभावित टारगेट लिस्ट में रखा गया है। इन पश्चिमी सैन्य सुविधाओं से उत्पन्न खतरों का स्तर और प्रकृति हमें अच्छी तरह से ज्ञात है। नाटो ने हालांकि यह स्पष्ट किया है कि यह मिसाइल डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से डिफेंसिव है और इसका उद्देश्य यूरो-अटलांटिक क्षेत्र के बाहर से बढ़ते बैलिस्टिक मिसाइल खतरे से रक्षा करना है, लेकिन रूस इसे बार-बार खतरे के रूप में देखता है। नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने 20 नवंबर को कहा था, यह बेस यूरो-अटलांटिक क्षेत्र के बाहर से बढ़ते बैलिस्टिक मिसाइल खतरों के खिलाफ हमारी रक्षा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है। वहीं, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इस नए बेस को यूरोप में अमेरिकी सैन्य ढांचे की प्रगति का प्रतीक बताया और कहा कि यह रूस की सीमाओं की ओर बढ़ने का संकेत है।

पोलैंड के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता पावेल व्रोंस्की ने स्पष्ट किया कि इस बेस में कोई परमाणु मिसाइलें नहीं हैं और यह केवल रक्षा के उद्देश्य से है। उन्होंने कहा, यह बेस सिर्फ रक्षा के लिए काम करता है, न कि हमले के लिए। इस बयान से पोलैंड और नाटो की एयर डिफेंस क्षमता को मजबूत करने के संदेश को स्वीकार करते हुए व्रोंस्की ने कहा कि अमेरिका को भी इसे ध्यान में रखना चाहिए।

## दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट से फटकार, आपने प्रदूषण रोकने के लिए कुछ नहीं किया

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में प्रदूषण को लेकर शुक्रवार को केजरीवाल सरकार को जमकर फटकार लगा दी। शीर्ष अदालत ने कहा, दिल्ली सरकार की कोशिशों से हम संतुष्ट नहीं हैं। दिल्ली सरकार ने ट्रकों की एंट्री रोकने के लिए भी कुछ नहीं किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई में फटकार लगाते हुए कहा, 113 एंट्री पॉइंट पर सिर्फ 13 पर सीसीटीवी क्यों हैं। केंद्र इन सभी एंट्री पॉइंट्स पर पुलिस तैनात करे। एक लीगल टीम बनाए जो यह देखे कि क्या वाकई में वाहनों की एंट्री पर रोक लगाई जा रही है या नहीं। इसके लिए हम बार एसोसिएशन के युवा वकीलों को तैनात करने जा रहे है।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार के कदम को लेकर



कड़ी आपत्ति जाहिर की है। आदेशों के बावजूद दिल्ली पुलिस स्टेज 4 के प्रतिबंध समय पर लागू कराने में विफल रही। ग्रैप-4 के प्रतिबंध करीब 3 दिन और लागू रहने चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी। यह मामला एमिकस क्यूरी (न्याय मित्र) सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह की अपील पर लिस्ट हुआ है। जिन्होंने दिल्ली में मौजूदा स्थिति को देखकर तत्काल सुनवाई की मांग रखी थी। 14 को एमिकस क्यूरी ने कहा था कि प्रदूषण के लिए दिल्ली सरकार ने कुछ भी नहीं किया, हालात गंभीर हैं।

## संपादकीय

### अडानी की मुश्किलें

एक बार फिर अडानी समूह की विश्वसनीयता को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। हालांकि, समूह ने हिंडनबर्ग के तीखे हमलों का मुकाबला बखूबी किया था, लेकिन इस बार उसे जटिल विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार गौतम अडानी पर कारोबारी हितों के लिये रिश्वत देने के आरोप लगाये गए हैं। जिसके चलते समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई है। हालांकि, कारोबारी समूह ने रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों को निराधार कहकर खारिज किया है। लेकिन अब अडानी समूह के पास लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के लिये खुद को तैयार करने के अलावा कोई विकल्प नजर नहीं आता। पहले से ही विपक्ष के निशाने पर रहने वाले गौतम अडानी और केंद्र सरकार के मुखिया के चर्चित रिश्तों को लेकर इस विवाद ने विपक्ष को एक नया हथियार दे दिया है। बहुत संभव है संसद के शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे पर जमकर हंगामा हो। वहीं बचाव में उतरी भाजपा ने विपक्षी दलों के शासित राज्यों में अधिकारियों की बड़ी रिश्वतखोरी के मामलों की याद दिलायी। जबकि यह मामला भारत में रिश्वत देने से जुड़ा है तो इसकी तह तक जाने के लिये सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच वक्त की जरूरत है। निस्संदेह ऐसी किसी जांच के लिये न केवल केंद्र और राज्यों के बीच बल्कि भारत व अमेरिकी अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत होगी। उल्लेखनीय है कि अडानी समूह द्वारा कथित रूप से स्टॉक बाजार में हेराफेरी के कथित आरोपों की भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड यानी सेबी द्वारा जांच की जा रही है। लेकिन सेबी की विश्वसनीयता को लेकर भी तब सवाल उठने लगे थे, जब हिंडनबर्ग द्वारा खुलासा किया गया था कि सेबी अध्यक्ष व उनके पति की विदेशों में कर वंचना के लिये चलायी जा रही अडानी समूह की ऑफशोर कंपनियों में हिस्सेदारी है। ऐसे में इस मामले में सेबी द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की उम्मीद पर भी सवाल उठेंगे। इसके अलावा तमाम तरह के सवाल अमेरिकी अदालत द्वारा उठाये मुद्दों को लेकर सामने हैं। निस्संदेह, भारत सरकार को भी इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने की जरूरत है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि अमेरिका में लगे आरोपों का अडानी समूह के अंतर्राष्ट्रीय निवेश पर कितना प्रभाव पड़ेगा। निश्चित रूप से अमेरिका में आपराधिक आरोप तय होना समूह के लिये एक बड़ा झटका है। लेकिन सवाल यह भी है कि भारत में दूसरे नंबर के अमीर व्यक्ति अडानी अमेरिका की नियामक कंपनियों व अदालत के निशाने पर क्यों हैं। निश्चित रूप से पिछले दशक में गौतम अडानी समूह ने अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाहों से लेकर पावर सेक्टर तक में तेजी से अपना कारोबार बढ़ाया है। वहीं दूसरी ओर गुरुवार को अडानी समूह ने इन आरोपों का खंडन किया कि अडानी ग्रीन एनर्जी ने सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया से आंध्र प्रदेश में आठ गीगावॉट सोलर पावर सप्लाई करने के टेंडर हासिल करने के लिये अधिकारियों को मोटी रिश्वत दी थी। बहरहाल, इस प्रकरण से अडानी समूह की वैश्विक महत्वाकांक्षा को झटका लग सकता है। रेटिंग एजेंसी मूडीज के मुताबिक भी, अडानी समूह के चेयरमैन व सीनियर अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप तय होने के बाद समूह की कंपनियों की रेटिंग पर नकारात्मक प्रभाव होगा। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देते हुए गौतम अडानी ने अमेरिका के ऊर्जा व इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में दस अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जतायी थी। जिसके अब खटाई में पड़ने की आशंका है। निश्चित रूप से भारत के रूस से गहरे होते रिश्तों व चीन से सुधरते संबंधों के बीच अमेरिका व कनाडा समेत पश्चिमी देशों में भारत को लेकर वक्र दृष्टि देखी जा रही है। अडानी प्रकरण को भी अमेरिका व भारत के बीच तल्खी के आलोक में देखा जा रहा है। अमेरिका ने इससे पहले आरोप लगाया था कि भारत सरकार के एक कर्मचारी ने न्यूयॉर्क में एक अमेरिकी नागरिक व सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश रची थी। बहरहाल, अब देखना होगा कि ट्रंप की ताजपोशी के बाद दोनों देशों के रिश्ते कैसे रहते हैं।

## (चिंतन-मनन)

### अहिंसा का स्वरूप

सामान्यतः अहिंसा को निषेधार्थक माना जाता है। न हिंसा -अहिंसा- हिंसा का अभाव अहिंसा है, यह इसकी एकांगी परिभाषा है। इसको सवार्गीण रूप से परिभाषित करने के लिए इसके विधेयार्थ और निषेधार्थ दोनों को समझना जरूरी है। किसी प्राणी के प्राणों का वियोजन नहीं करना, इस सूत्र का हिंसा के संदर्भ में जितना मूल्य है, उससे भी अधिक मूल्य है किसी भी प्राणी के प्रति अनिष्ट चिंतन के बहिष्कार का।

असत विचार हिंसा है। असत वचन सा है। जितना कुछ झूठ बोला जाता है, वह हिंसा की प्रेरणा से ही बोला जाता है। असत चिंतन और असत वाणी की तरह असत व्यवहार मात्र हिंसा है, चाहे वह किसी के भी प्रति हो। मनुष्य की प्रवृत्ति सत और असत दोनों प्रकार की होती है। जिस प्रवृत्ति के साथ असत शब्द का योग हो जाता है, वह हिंसा-संवलित ही होती है। दूसरों के प्रति द्वेष की भावना, ईर्ष्या, उन्हें गिराने का मनोभाव और उनकी बढ़ती हुई प्रतिष्ठा को रोकने के सारे प्रयत्न हिंसा में अंतर्गर्भित हैं। दूसरों के मन में भय उत्पन्न करना, उनके सामने दुखद परिस्थितियां उभार देने, उनके विकास के मार्ग में बाधा पहुंचाना आदि प्रवृत्तियां भी हिंसा की परिधि में समाविष्ट हैं। इन प्रवृत्तियों का सर्वथा निरोध अहिंसा का आदर्श है। यह अहिंसा का नेगेटिव पक्ष है।

# इक धुंद से आना है, इक धुंद में जाना है

–राकेश अचल–

महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनाव परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे देश को अचानक गौतम अडानी की गिरफ्तारी वारंट की खबर से रूबरू होना पड़ा। गौतम अडानी यानि देश की अर्थव्यवस्था का एक ध्रुव। उनके ऊपर संकट आया तो देश पर संकट आ गया। एक झटके में साढ़े पांच लाख करोड़ रुपए शेयर बाजार में डूब गए। अब कल्पना कीजिये कि यदि अमेरिका की पुलिस सचमुच गौतम भाई साहब को गिरफ्तार कर ले जाये तो भारत के शेयर बाजार का क्या हाल होगा? गौतम भाई पर अमेरिका में एक सौदा हासिल करने के लिए संबंधित पक्ष के अधिकारियों को भारी-भरकम रिश्वत देने की पेशकश करने का आरोप है।

भारत के मौजूदा दशक की सियासत पर अडानी ने एक धुंद की चादर दाल दी है, वैसे ये धुंद तो आती जाती रहती है। कभी ऐ-१ तो कभी ऐ-२ बनकर ये धुंद आती है और चली भी जाती है। अपने जमाने के मशहूर शायर साहिर लुधियानवी की याद मुझे अक्सर आती है। वे धुंद को बाखूबी पहचानते थे। एक जमाने में उन्होंने धुंद नाम से बनी एक फिल्म के लिए एक गजल लिखी, जो आज की देशी -विदेशी राजनीति पर सौ फीसदी फिट बैठती है। साहिर साहब ने लिखा -

*संसार की हर शय का इतना ही फसाना है*

*इक धुँद से आना है इक धुँद में जाना है।*

भारत की राजनीति में सरकार के पीछे खड़े होकर देश चलने वाले माननीय गौतम अडानी साहब के हाथ ही लम्बे नहीं हैं बल्कि जिगरा भी शेर का है अन्यथा और कोई है जो अमेरिका में जाकर किसी सौदे केलिए रिश्वत देने की पेशकश कर सके। रिश्वत के अनेक नाम है। कोई इसे घूस कहता है तो कोई शुकराना, कोई इसे नजराना मानता है। भारत में रिश्वत बिन पद चलहि, सुने बिन काना जैसी है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने ये चौपाई हलांक ब्रम्ह को लेकर लिखी थी, लेकिन ये लागू हो रही है आज के अडानी और अम्बानी पर। ये दोनों महापुरुष आज के ब्रमंह हैं । ये बिना पैरों के चलते हैं, बिना कानों के सुनते हैं। बिना हाथ के नाना प्रकार के काम करता है, बिना मुँह (जिह्वा) के ही सारे (छहों) रसों का आनंद लेता है और बिना वाणी के बहुत योग्य वक्ता है। गौतम भाई साहब के गिरफ्तारी वारंट से जितने खुद अडानी साहब व्यथित नहीं हैं उससे ज्यादा व्यथित हमारे देश की सत्तारूढ़ पार्टी है। सत्तारूढ़ दल के हर नेता का पेट पानी हो रहा है । सबके सब अडानी साहब के बचाव में अपनी तमाम योग्यता के साथ उपस्थित हैं, क्योंकि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने माननीय गौतम अडानी साहब की गिरफ्तारी की मांग की है। विपक्ष के नेता का काम ही मांग करना है। विपक्ष और कुछ कर भी तो नहीं सकता। जो करना होता है सरकार और अडानी-अम्बानी साहब को करना होता है। लोकसभा अध्यक्ष तो इन दोनों का नाम तक सदन में नहीं लेने देते। बहरहाल इन दिनों गौतम अडानी साहब के नाम का डंका जोर-जोर से पूरी दुनिया में बज रहा है। भारत के नाम का इतना तेज डंका तो माननीय प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी पिछले 10 साल में नहीं बजा पाए थे। डंका वादन की इस महान उपलब्धि के लिए इस बार गणतंत्र दिवस पर माननीय गौतम अडानी के नाम एक पदम् पुरस्कार तो बनता ही है। उन्होंने भारत में रिश्वत प्रथा को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान जो दिलाया है। माननीय गौतम अडानी साहब अभी केवल आरोपी हैं, इसलिए मै उन्हें अपराधी नहीं मानता। मेरे मानने या न मानने से क्या होता है? हमारे देश की सरकार उन्हें गुनहगार नहीं मानती। यदि अमेरिका की अदालत में वे दोषी साबित किये जाते हैं तब की तब देखी जाएगी। अडानी साहब के हमजोली प्रधानमंत्री अमेरिका के राष्ट्रपति के मीटर हैं, कोई न कोई रास्ता निकाल ही लेंगे। साहिर लुधियानवी साहब लिखते हैं कि-

*ये राह कहाँ से है ये राह कहाँ तक है*

*ये राज कोई राही, समझा है न जाना है*

इस मामले में कमोवेश मै राहुल गाँधी के बजाय साहिर साहब से इत्तफाक रखता हूँ। अडानी भाई साहब के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट क्या जारी हुआ केन्या ने अडानी साहब कि साथ किया गया 700 मिलियन डालर का करार ही रद्द कर दिया। लगता है कि केन्या वाले इस बात से खफा हैं कि अडानी साहब ने जो पेशकश अमेरिका में अनुबंध हासिल करने के लिए की, उससे केन्या वालों को वंचित रखा। लेकिन मुझे इस आशंका पर बिलकुल यकीन नहीं है। मुझेलगता है कि उन्होंने अमेरिका में तो केवल पेशकश की है लेकिन केन्या वालों को तो रिश्वत दी ही होगी, क्योंकि वे जानते हैं की केन्या एक गरीब देश है। वहां की सरकार गरीब है, इसलिए उसकी मदद तो की ही जाना चाहिए। वैसे भी अडानी साहब किसी का हक मारते नहीं है। उन्होंने तो इलेक्टोरल बांड में भी खूब दान दिया था। रिश्वत का ये खेल दुनिया में सब दूर खेला जाता है, अमेरिका ने खामखां इसे एक जघन्य अपराध बना लिया है जबकि अमेरिका में इसे बख्शीस के रूप में सहर्ष स्वीकार किया जाता है। इस खेल के बारे में साहिर साहब लिखते हैं कि -

इक पल की पलक पर है ठहरी हुई ये दुनिया

इक पल के झपकने तक हर खेल सुहाना है

आज अडानी के साथ जो हुआ, कल वो किसी के साथ हो सकता है। किसी को आने वाले कल का पता नहीं होत। अब कल तो (23 नवमबर को) महाराष्ट और झारखण्ड विधानसभाओं के चुनावों के नतीजे भी आना है। कोई दावे के साथ नहीं कह सकता कि इस बार कौन जीतेगा? कौन मुख्यमंत्री बनेगा? कम से कम मै तो नहीं कह सकता, क्योंकि मै मशीनरी और मशीनों की क्षमताओं से वाकिफ हूँ। मुमकिन है कि यहां भी मध्यप्रदेश और हरियाणा जैसा ही खेला हो जाये और मुमकिन है कि कहीं पलट बजे और कहीं नहीं। ये चुनाव वैसे भी बंटोगे तो कटोगे के बीच थे। इस अनिश्चय को लेकर भी साहिर लुधियानबी ने एक शेर लिखा। -

*क्या जाने कोई किस पर किस मोड़ पे क्या बीते*

इस राह में ऐ राही हर मोड़ बहाना है।

हकीकत ये है कि हम और आप इस खेल में कहीं हैं ही नहीं। ये खेल महान लोगों का खेल है। इस खेल में बकौल साहिर साहब -

*हम लोग खिलौना हैं इक ऐसे खिलाड़ी का*

*जिस को अभी सदियों तक ये खेल रचाना है।*

# कातिल सड़कों पर तबाह होता जीवन एक गंभीर चुनौती

–ललित गर्ग–

अलीगढ़ में सड़क हादसा, यमुना एक्सप्रेसवे पर बस-ट्रक भिड़ी, 5 की मौत, 15 से अधिक घायल। राजस्थान में पाली-जोधपुर हाइवे पर मरीज को एक एम्बुलेंस से दूसरे में शिफ्ट करते समय डम्पर ने मारी टक्कत, चार की मौत। दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के दो मेडिकल छात्रों की मौत। लखनऊ में दो अलग-अलग सड़क हादसों में वृद्धा समेत दो की मौत। उत्तराखंड के देहरादून में 12 नवंबर को हुए सड़क हादसे में 6 छात्रों की मौत। ऐसे अनेक सड़क हादसे पिछले दो-तीन दिन में हुए है। वाकई भारत की सड़कों पर चलना अब जान हथेली में रखकर चलने जैसा ही होता जा रहा है। ये कातिल सड़क हादसे गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि ऐसी दुर्घटनाओं में निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं। देश की इन कातिल एवं खूनी सड़कों की हकीकत बताता केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय का एक डराने वाला आंकड़ा पिछले दिनों सामने आया। मंत्रालय के अनुसार पिछले दस सालों में हुए सड़क हादसों में 15 लाख लोग मारे गए। कमोबेश सारे देश में ऐसी घटनाएं सुनने में आती हैं जिनमें रोज सैकड़ों लोगों की जीवन लीला समाप्त हो जाती है।

भारत का सड़क यातायात तमाम विकास की उपलब्धियों एवं प्रयत्नों के बावजूद असुरक्षित एवं जानलेवा बना हुआ है, सुविधा की खूनी एवं हादसे की सड़कें नित-नयी त्रासदियों की गवाह बन रही है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं मौतों और चोटों के प्रमुख कारणों में से एक रही हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत की जीडीपी का करीब तीन से पांच फीसदी हिस्सा सड़क हादसों में लगा है। न केवल भारत बल्कि विश्व में सड़क यातायात में मौत या जख्मी होना कुछ बहुत बड़ी परेशानियों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर वर्ष 13 लाख से अधिक लोग सड़क हादसों के शिकार व्यक्ति की मौत हो जाती है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर दस हजार किलोमीटर पर मरने वालों की दर 250 है जबकि अमेरिका, चीन और आस्ट्रेलिया में यह संख्या 57, 119 व 11 है। निश्चित रूप से भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का यह आंकड़ा एक संवेदनशील व्यक्ति को हिलाकर रख देता है। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती है।

परिवहन नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है, केवल चालान काटना समस्या का समाधान नहीं है। देश में 30 प्रतिशत ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी हैं। परिवहन क्षेत्र में भारी भ्रष्टाचार है लिहाजा बसों का ढंग से मेनटेनेंस भी नहीं होता। इनमें बैठने वालों की जिंदगी दांव पर लगी होती है। देश भर में बसों के रख-रखाव, उनके परिचालन, ड्राइवरों की योग्यता और अन्य मामलों में एक-समान मानक लागू करने की जरूरत है, तभी देश के नागरिक एक राज्य से दूसरे राज्य में निश्चिंत होकर यात्रा कर सकेंगे। तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाने वाले लोग सड़क के किनारे लगे बोर्ड पर लिखे वाक्य ह्यदुर्घटना से देर भलीह्न पढ़ते जरूर हैं, किन्तु देर उन्हें मान्य नहीं है, दुर्घटना भले ही हो जाए। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका ह्यद लांसेटह्न में इस मसले पर केंद्रित एक अध्ययन में बताया गया है कि भारत में सड़क सुरक्षा के उपायों में सुधार लाकर हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। अध्ययन के मुताबिक, खुनी सड़कों एवं त्रासद दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं- वाहनों की बेलगाम या तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना, हेलमेट नहीं पहनना और सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना शामिल हैं।

भले ही हर सड़क दुर्घटना को केन्द्र एवं राज्य सरकारें दुर्भाग्यपूर्ण बताती है, उस पर दुख व्यक्त करती है, मुआवजे का ऐलान भी करती है लेकिन बड़ा प्रश्न है कि दुर्घटनाएं रोकने के गंभीर एवं प्रभावी उपाय अब तक क्यों नहीं किए जा सके हैं? जो भी हो, सवाल यह भी है कि इस तरह की तेज रफ्तार सड़कों पर लोगों की जिंदगी कब तक इतनी सस्ती बनी रहेगी? सचाई यह भी है कि पूरे देश में सड़क परिवहन भारी अराजकता का शिकार है। सबसे भ्रष्ट विभागों में परिवहन विभाग शुमार है। भारत में साल 2022 में सड़क हादसों में 1, 68, 491 लोगों की मौत हुई थी. वहीं, साल 2023 में सड़क हादसों में करीब 1, 73, 000 लोगों की मौत हुई. यानी, साल 2023 में हर दिन औसतन 474 लोगों की मौत हुई। परिवहन मंत्रालय की ऐसी जानकारी चौंकाती भी है एवं शर्मसार भी करती है। इन त्रासद आंकड़ों ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर कर दिया कि आधुनिक और बेहतरीन सुविधा की सड़के केवल रफ्तार एवं सुविधा के लिहाज से जरूरी हैं या फिर उन पर सफर का सुरक्षित होना पहले सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वर्ष 2012 में करीब 16 करोड़ गाड़ियां रजिस्टर्ड थी जो पिछले एक दशक में दुगुनी हो गई हैं। लेकिन उस अनुपात में सड़कें नहीं बढ़ीं। जहां वर्ष 2012 में देश में भारतीय सड़कों की लंबाई 48.6 लाख किलोमीटर थी, तो वर्ष 2019 में यह 63.3 लाख किलोमीटर तक जा पहुंची थी।

खूनी सड़कों में सबसे शीर्ष पर है यमुना एक्सप्रेस-वे। इस पर होने वाले जानलेवा सड़क हादसे कब थमेंगे? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि इस पर होने वाली दुर्घटनाओं और उनमें मरने एवं घायल होने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यही नहीं, देश की अन्य सड़के इसी तरह इंसानों को निगल रही है, मौत का ग्रास बना रही है। इनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौत यही बताती है कि अपने देश की सड़कें कितनी अधिक जोखिम भरी हो गई हैं। बड़ा प्रश्न है कि फिर मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय क्यों नहीं किए जा रहे हैं? सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय लोगों के सहयोग से वर्ष 2025 तक सड़क हादसों में 50 प्रतिशत की कमी लाना चाहता है, लेकिन यह काम तभी संभव है जब मार्ग दुर्घटनाओं के मूल कारणों का निवारण करने के लिए ठोस कदम भी उठाए जाएंगे। कुशल ड्राइवरों की कमी को देखते हुए ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों में ड्राइवर ट्रेनिंग स्कूल खोलने की तैयारी सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन इसके अलावा भी बहुत कुछ करना होगा। हमारी ट्रेफिक पुलिस एवं उनकी जिम्मेदारियों से जुड़ी एक बड़ी विडम्बना है कि कोई भी ट्रेफिक पुलिस अधिकारी चालान काटने का काम तो बड़ा लगन एवं तन्मयता से करता है, उससे भी अधिक रिश्वत लेने का काम पूरी जिम्मेदारी से करता है, प्रधानमंत्रीजी के तमाम भ्रष्टाचार एवं रिश्वत विरोधी बयानों एवं संकल्पों के यह विभाग धडल्ले से रिश्वत वसूली करता है, लेकिन किसी भी अधिकारी ने यातायात के नियमों का उल्लघंन करने वालों को कोई प्रशिक्षण या सीख दी हो, नजर नहीं आता। यह स्थिति दुर्घटनाओं के बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है।

जरूरत है सड़कों के किनारे अतिक्रमण को दूर करने की, आवारा पशुओं के प्रवेश एवं बेघड़क घुमने को भी रोकने की। ये दोनों ही स्थितियां सड़क हादसों का कारण बनती है। यह भी समझने की जरूरत है कि सड़क किनारे बसे गांवों से होने वाला हर तरह का बेरोक-टोक आवागमन भी जोखिम बढ़ाने का काम करता है। इस स्थिति से हर कोई परिचित है, लेकिन ऐसे उपाय नहीं किए जा रहे, जिससे कम से कम राजमार्ग तो अतिक्रमण और बेतरतीब यातायात से बचे रहें। इसमें संदेह है कि उलटी दिशा में वाहन चलाने, लेन की परवाह न करने और मनचाहे तरीके से ओवरटेक करने जैसी समस्याओं का समाधान केवल सड़क जागरूकता अभियान चलाकर किया जा सकता है।

# भारत में एकात्म मानववाद के सिद्धांत को अपनाकर हो आर्थिक विकास

–प्रहलाद सबनानी–

भारतीय संस्कृति के अनुसार ही भारतीय आर्थिक दर्शन में भी सृष्टि की समस्त इकाईयों, अर्थात व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र एवं समष्टि को एक माला की कड़ी के रूप में देखा गया है। एकता की इस कड़ी को ही पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने ह्यएकात्म मानववादह्न बताया है। एकात्म मानववाद वैदिक काल से चले आ रहे सनातन प्रवाह का ही युगानुरूप प्रकटीकरण है। सनातन हिंदू दर्शन आत्मवादी है। आत्मा ही परम चेतन का अंश है। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने समाज और राष्ट्र में भी चित्त, आत्मा, मन, बुद्धि एवं शरीर आदि का समुच्चय देखा है। अतः इस एकात्म मानववादी दर्शन के उतने ही आयाम एवं विस्तार है, जितनी मनुष्य की आवश्यकताएं हैं। इन विभिन्न आवश्यकताओं का केंद्र बिंदु अर्थ को ही माना गया है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र की परिभाषा में लिखा है कि अर्थशास्त्र का मुख्य अभिप्राय, अप्राप्ति की प्राप्ति; प्राप्ति का संरक्षण तथा संरक्षित का उपभोग है। एकात्म मानववाद में भी आर्थिक व्यवहार उक्त आधारों पर ही टिके होते हैं। इस प्रकार, अर्थशास्त्र की दिशा स्वतः ही विकासवादी हो जाती है। भारत के नागरिक पिछले लम्बे समय से पश्चिमी शिक्षा व्यवस्था में पले बढ़े हैं अतः वे भारत की पौराणिक एवं वैदिक ज्ञान परम्परा से विमुख हो गए हैं। इसी प्रकार, प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र एवं आर्थिक चिंतन से भी हम भारतीय इतने अधिक दूर हो गए हैं कि प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र को सिर्फ उक्ति एवं सिद्धांत मानने के साथ साथ अव्यवहारिक भी मानने लगे हैं। जबकि, वैदिक साहित्य में धन के 22 से अधिक प्रकारों की स्पष्ट व्याख्या की गई है, जिसमें शेयर से लेकर आय एवं मूलधन भी सम्मिलित है। प्राचीन भारत के आर्थिक चिंतन को आज यदि लागू किया जाता है तो केवल भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता का कल्याण होगा, क्योंकि हिंदू अर्थशास्त्र एकात्म मानववाद पर आधारित है, जिसमें व्यक्ति अपने लिए नहीं, वरन समष्टि के लिए जीता है। इसे निम्नलिखित सूत्र के माध्यम से अधिक स्पष्ट किया जा सकता हैं -

***हिंदू अर्थशास्त्र = व्यक्ति ७ परमार्थ (एकात्म मानववाद एवं त्याग) पश्चिमी अर्थशास्त्र = व्यक्ति ७ स्वार्थ (आत्म केंद्रित एवं लाभ)***

एकात्म मानववादी अर्थशास्त्र में व्यक्ति अपने एवं अपनों के स्थान पर समष्टि तथा चराचर और परमार्थ के लिए जीता है। जिसमें स्वयं के लिए मुनाफा एवं लाभ के स्थान पर दूसरों की चिंता मुख्य होती है। परंतु, इसके ठीक विपरीत पश्चिम का अर्थशास्त्र आत्मकेंद्रित व्यवहार एवं स्वार्थ पर खड़ा है। पश्चिम के विकासवादी दर्शन का केंद्र मुनाफा, स्वार्थ एवं लाभ है। परंतु, हिंदू आर्थिक चिंतन के आधार पर खड़े एकात्म मानववाद का आधार अथवा केंद्र परमार्थ है। इसलिए एकात्म मानववादी आर्थिक विकास में विकास केवल अर्थ के लिए नहीं वरन परमार्थ के लिए है। हिंदू आर्थिक दर्शन परम्परा में विकास की अवधारणा को समग्रता में व्यक्त किया गया है। यह विकास त्रिगुण आधारित है। इस त्रिगुण में - सत, रज एवं तम सम्मिलित है। प्राचीन भारतीय चिंतन में सत्तवादी विकास श्रेष्ठ माना गया है। इस सत्तवादी विकास के तत्व हैं ज्ञान, तपस्या, सदकर्म, प्रेम एवं समत्वभाव तथा इसकी उपस्थिति सतयुग में मानी गई है। विकास का दूसरा स्वरूप रजस को माना गया। इस रजसवादी विकास के तत्व हैं अहंबुद्धि, प्रतिष्ठा, मानबढ़ाई, लौकिक, पारलौकिक सुखा मत्सर, दम्भ एवं लोभ तथा इसकी उपस्थिति त्रेतायुग में मानी गई है। इसे मानवीय और मध्यम माना गया है। इसी प्रकार, विकास का तीसरा स्वरूप तमस को माना गया है। इस तमसवादी विकास के तत्व हैं असत्य, माया, कपट, आलस्य, निंदा, हिंसा, विषाद, शोक, मोह, भय तथा इसकी उपस्थिति कलयुग में मानी गई है। इस प्रकार सत, रज एवं तम गुणों के आधार पर उक्त विकास के तीन रूपों के साथ एक मिश्रित विकास का भी मॉडल माना गया है, जिसमें रजस एवं तमस गुण मिले होते हैं और इस मॉडल की उपस्थिति द्वापर युग में मानी गई है। इस प्रकार भारतीय चिंतन परम्परा में विकास के उक्त चार प्रारूप माने गए हैं। इन चारों प्रारूपों का उपयोग चार युगों सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग एवं कलियुग में होता पाया गया है। इसमें सबसे उत्तम सतयुगी विकास प्रारूप को माना गया है तथा सबसे अधम कलियुगी विकास प्रारूप को माना गया है। भारत में, वर्तमान खंडकाल में त्रेतायुग के रामराज्य को भी बहुत अच्छा माना गया है एवं इसके स्थापना की कल्पना की जाती रही है। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने महात्मा गांधी जी के ट्रस्टी शिप एवं हिंद स्वराज्य के विवेचन को भी अपने विमर्श में स्थान दिया है। इस प्रकार भारतीय चिंतन परम्परा का आदर्श रामराज्य है, इसमें भरत जैसे राजा एवं जनक जैसे राजा तपस्वी के रूप में राज्य करते थे। स्वयं श्रीराम धर्म की मयार्दा को अपने लिए भी लागू करते थे एवं धर्म की मयार्दा का कभी भी उल्लंघन नहीं करते थे। सदैव प्रजा एवं प्रकृति की रक्षा एवं संवर्धन करते रहते हैं। यह एक ऐसा विकास का प्रारूप है जो आज भी आदर्श है। रामराज्य की अवधारणा भी एकात्म मानववाद के आधारों पर खड़ी थी। यह शासन तथा विकास एवं व्यवस्था में सब की भागीदारी तथा सब के लिए व्यवस्था थी, जो प्रकृति आधारित विकास पर बल देती थी। भारत में सबसे छोटी इकाई व्यक्ति पर बल दिया गया है और उसका संगठन किया गया है। भारत में व्यक्ति के स्वरूप को जिस प्रकार संगठित और एकात्म किया गया वैसा पश्चिम में नहीं हो सका है। पश्चिम में केवल भौतिक प्रगति पर ही बल दिया गया है। पूरे विश्व में आज सर्वाधिक विकसित राष्ट्र अमेरिका को माना जाता है। अमेरिका में नागरिकों की भौतिक प्रगति तो बहुत हो गई है, परंतु अमेरिका के नागरिकों में सुख, संतोष और समाधान का पूर्णतया अभाव है। अमेरिका में व्यक्ति के जीवन में परस्पर विरोध, असमाधान, असंतोष, सर्वाधिक अपराध और आत्महत्याएं बहुत बड़ी मात्रा में व्याप्त हैं। अमेरिकी नागरिकों में तीव्र रक्तचाप, हृदय रोग एवं अपराध की प्रवृत्ति बहुत अधिक मात्रा में पाई जा रही है। पूरे विश्व को प्रभावित करने की क्षमता रखने वाला अमेरिका अपने नागरिकों के लिए भौतिक समाधान से आगे बढ़कर मानसिक समाधान प्राप्त नहीं कर सका है। इस धरा पर जन्म लेने के बाद प्रत्येक व्यक्ति का अंतिम लक्ष्य आखिर है क्या? सम्भवतः सुख जो चिरंतन एवं घनीभूत हो। इतनी भौतिक प्रगति करने के बाद भी अमेरिका एवं यूरोपीय देशों के नागरिकों में समाधान व सुख का अभाव है। ईसा ने कहा था कि ह्यसम्पूर्ण संसार का साम्राज्य भी प्राप्त कर लिया और यदि आत्मा का सुख खो दिया तो उससे क्या लाभ?

भारत में छोटी से छोटी इकाई व्यक्ति संगठित और एकात्म है एवं व्यक्ति को खंडो में विभक्त समझने की बुद्धिमता प्रदर्शित नहीं की गई है। परंतु, अमेरिका के एक मनोवैज्ञानिक ने वर्णन किया है कि ह्यसड़कों पर एक ऐसी बड़ी भीड़ हमेशा लगी रहती है जो आत्मविहीन, मानसिक दृष्टि से अस्वस्थ, एक दूसरे से अपरिचित और निःसंग स्थिति में है। उनका अपने ही साथ समन्वय नहीं तो दुनिया के साथ क्या होगा? व्यक्ति का समाज के साथ समन्वय नहीं। व्यक्ति भी संगठित और एकात्म इकाई नहीं। केवल भौतिक स्तर पर विचार करने के कारण वहां व्यक्ति को भौतिक एवं आर्थिक प्राणी माना गया है। यदि भौतिक आर्थिक उत्कर्ष मानव को मिले तो उससे सुख की प्राप्ति होगी, यह माना गया। किंतु भौतिक आर्थिक उत्कर्ष की चरम सीमा होने पर भी सुख का अभाव है और इसका कारण यही है कि वहां खंड खंड में विचार करने की प्रणाली है, जिसमें व्यक्ति को केवल भौतिक आर्थिक प्राणी मान लिया गया है और व्यक्ति के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर संगठित एवं एकात्म रूप में विचार नहीं किया गया है। भारत के प्राचीन ग्रंथों में यह माना गया है कि मनुष्य एक आर्थिक प्राणी भी है एवं ह्यआहार, निद्रा, भय, मैथुन, आर्थिक आवश्यकताओं, आदिह्न की तृप्ति की बात भारत में भी कही गई है। इन जरूरतों की पूर्ति होना चाहिए, इस तथ्य को भी स्वीकार किया गया है। किंतु भारत में मनुष्य को आर्थिक प्राणी से कुछ ऊपर भी माना गया है। मनुष्य आर्थिक प्राणी के साथ साथ वह एक शरीरधारी, मनोवैज्ञानिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक प्राणी भी है। भारतीय मनुष्य के व्यक्तित्व के अनेकानेक पहलू है। अतः यदि सम्पूर्ण व्यक्तित्व के सभी पहलुओं का संगठित और एकात्म रूप से विचार नहीं हुआ तो उसको सुख समाधान की अवस्था प्राप्त नहीं हो सकती। इसलिए भारत में इस दृष्टि से संगठित एवं एकात्म स्वरूप का विचार हुआ है। मनुष्य की आर्थिक एवं भौतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर यह कहा गया है कि इन वासनाओं की तृप्ति होनी चाहिए लेकिन साथ ही यह भी कहा गया है

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता दरबार लगाकर क्षेत्र की समस्याएं सुनी

**हरिद्वार,** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्राथमिकताओं में शामिल सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टाटवाला में जनता दरबार लगाकर क्षेत्र की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जमीन कब्जा मुक्त कराने, राशन कार्ड बनवाये जाने, सड़क मरम्मत एवं पेंशन आदि से सम्बन्धित कुल 32 शिकायतें एवं मांग प्राप्त हुई, जिसमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। ग्राम प्रधान यशपाल सिंह ने मांग करते हुए कहा कि 5 गांवों में बरसाती पानी इकठ्ठा होने से बाढ़ आ जाती है, बाढ़ रोकने हेतु तटबन्ध बनाया जाये जिस पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय वनाधिकारी तथा सिंचाई विभाग को निरीक्षण कर तटबंध बनाने हेतु संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिये तथा वन्य जीवों से गॉव की सुरक्षा करने के निर्देश दिए। वृद्धावस्था सहित विभिन्न प्रकार की सामाजिक पेंशन से सम्बन्धित शिकायते एवं मांग प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने गांव में ही कैम्प लगाकर पात्र व्यक्तियों को पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिये।



जिलाधिकारी ने क्षेत्र के दिव्यांग व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए निश्चित तिथि पर सभी दिव्यांगजनों का परीक्षण कराते हुए दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। सुरेश तथा राजेश ने सीएलएफ को उपलब्ध रोटर वेटर का समूह के स्थान पर व्यक्तिगत रूप से उपयोग में लाये जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने रोटर वेटर सार्वजनिक सम्पत्ति पर रखने की व्यवस्था करने तथा प्रकरण की जांच करने के निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने कुछ व्यक्तियों की मांग पर जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिये कि परिवार रजिस्टर में नए व्यक्तियों के नाम जोड़ने के लिए नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाये तथा जो भी व्यक्ति पात्र हों, उनका नाम परिवार रजिस्टर में अंकित किया जाये। चेतराम राठौर ने हर घर नल योजना के अन्तर्गत जल संस्थान द्वारा गॉव मार्ग रास्ता खोद कर छोड़ दिए जाने की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता को तत्काल मौका मुआयना करते हुए सड़क बनवाने निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों की मांग पर हनुमान मन्दिर से गांव को जोड़ने वाले मार्ग का संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश वन तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने सफेद एवं पीले राशन कार्डो पर दिए जाने वाले अनाज व कोटेदार के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने वीडीओ, वीपीडीओ तथा लेखपाल की क्षेत्र में उपस्थिति के बारे में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने क्षेत्र में टीचर्स की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिये तथा माध्यमिक विद्यालय में एक शिक्षक द्वारा 144 विद्यार्थियों दो घंटे अत्यधिक पढ़ाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इसके साथ ही रघुवीर सिंह ने जल निकासी, महेन्द्र कौर ने दीवार तुड़वाने एवं कब्जामुक्त कराने, रेखा देवी ने राशन कार्ड बनवाने, चेतराम ने जेजेएम के अन्तर्गत खोदी गई सड़क सही कराने, राम कुमार ने अवैध बेनामे को खारिज करने, श्री राम करण सिंह ने जाति प्रमाण पत्र बनाने आदि से सम्बन्धित समस्याएं रखी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, प्रभागीय वनाधिकरी वैभव कुमार सिंह, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी मानस मित्तल, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आरके सिंह, उप जिलाधिकारी लक्ष्मीराज चौहान, जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी टीआर मलेठा, जिला क्रीडाधिकारी शबाली गुरूंग, तहसीलदार प्रियंका रानी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## अवैध शराब के साथ 01 आरोपी को धर दबोचा




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री/तस्करी की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया था।

जिस पर प्रभारी थाना भगवानपुर द्वारा चौकी प्रभारी /हल्का प्रभारी/बीट कर्म0गणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है।

जिसके अनुपालन में दिनांक 21/11/2024 को भगवानपुर पुलिस द्वारा 48 पव्वे माल्टा मार्का मसालेदार अवैध देशी शराब के साथ आरोपी विनेश कुमार को मैन रोड से ग्राम नन्हेडा जाने वाले रास्ते पर से पकड़ा गया। जिसके विरुद्व थाना भगवानपुर पर 60 आब0 अधि0 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**नाम पता आरोपी**


1- विनेश कुमार पुत्र रमेश चन्द्र निवासी नन्हेडा अनन्तपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार।

***माल बरामदगी**

1-48 पव्वे अवैध देशी शराब (माल्टा मार्का)
पुलिस टीम का विवरण*
1- कांनि0 संजय कुमार
2- कांनि0 729 प्रभाकर

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार ने दिये अवैध खनन के विरुद्व कार्यवाही के निर्देश

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



लक्सर पुलिस द्वारा की गयी अवैध खनन के विरुद्ध कार्यवाही 01 ट्रक सीज

हरिद्वार द्वारा जनपद में अवैध खनन पर अंकुश लगाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया।

जिस पर पुलिस टीम द्वारा कोतवाली लक्सर क्षेत्र में अवैध खनन की धरपकड़ हेतु प्रभारी निरीक्षक लक्सर को अलग-अलग टीमें गठित किए जाने हेतु निर्देशित किया।

अवैध खनन के विरुद्व कार्यवाही करते हुये कोतवाली लक्सर पुलिस द्वारा लक्सर क्षेत्र से 01 ट्रक को सीज किया गया।

सीज वाहनों का विवरण
1-वाहन संख्या
पुलिस टीम
1-उ0नि0 नरेन्द्र सिह
2-कांनि0 जितेन्द्र नेगी

## बूझे चेहरों पर मुस्कुराहट ला रही है हरिद्वार पुलिस के जवानों की कोशिश

### गाजीपुर यूपी से गुमशुदा बालिका को ऑपरेशन स्माइल टीम ने हरिद्वार में किया बरामद

**हरिद्वार,** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पूरे जनपद में जारी ऑपरेशन स्माइल के तहत जनपद हरिद्वार में गठित टीम ने दिनांक 19/11/2024 को कोतवाली रानीपुर की गैस प्लांट चौकी के पास से 15 वर्षीय बालिका को लावारिस हालत में बरामद किया।

पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर ऑपरेशन स्माइल टीम ने उत्तर प्रदेश की कोतवाली सदर गाजीपुर पुलिस से संपर्क किया गया तो जानकारी मिली कि उक्त बालिका दिनांक 16/11/24 की सुबह घर से कोचिंग क्लास हेतु निकली लेकिन न तो कोचिंग क्लास पहुंची न ही देर रात तक घर लौटी। काफी तलाश करने पर भी बालिका के न मिलने पर परिजन ने कोतवाली थाना सादर, गाजीपुर में मुकदमा संख्या 0606/24 धारा137(2),87 इ.ठ.र भी दर्ज कराया गया था।

बालिका के सकुशल बरामद होने की जानकारी पर गाजीपुर पुलिस व परिजन कल दिनांक 21.11.2024 को




हरिद्वार पहुंचे तो ऑपरेशन स्माइल टीम ने बाल कल्याण समिति हरिद्वार के समक्ष बालिका व उसके पिता की काउंसलिंग करवाई गई तथा आवश्यक विधिक कार्रवाही के उपरांत समिति के आदेश पर नाबालिक बालिका को विवेचना अधिकारी उप निरीक्षक ओमप्रकाश व महिला आरक्षी ममता के सपुर्द किया गया।

बालिका के पिता व परिवार के सभी सदस्यों द्वारा ऑपरेशन स्माइल टीम हरिद्वार की तत्काल कार्यवाही व मानवीय व्यवहार की हृदय से प्रशंसा की गई। जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा भी ऑपरेशन स्माइल टीम हरिद्वार की प्रशंसा कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

ऑपरेशन स्माइल टीम हरिद्वार-
1. हे0का0 राकेश कुमार
2. म0का0 सुल्ताना
3. म0का0 बबीता
4. का0 मुकेश कुमार
5. का0 दीपक चंद

## कांग्रेस कमेटी द्वारा मायापुर स्थित भवन में बैठक का आयोजन किया गया

मिशन नेशनल न्यूज /लव कुमार शर्मा

**हरिद्वार/** जिला महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मायापुर स्थित भवन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हरिद्वार कारिडोर योजना की डीपीआर सार्वजनिक करने को लेकर व कारडोर हटाओ हरिद्वार बचाओ आंदोलन को लेकर आगामी 1 दिसम्बर को विशाल मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि भाजपा सरकार आगामी निकाय चुनाव के डर के कारण कोरिडोर की डीपीआर सार्विजनिक नहीं कर रही जिसको कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और इसके विरोध में जनांदोलन कर सरकार को बेनकाब करेगी।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रामयश सिंह और वरिष्ठ नेता राजबीर सिंह ने कहा कि हरिद्वार कॉरिडोर योजना केंद्र सरकार की चंद पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने की योजना है। वरिष्ठ नेता अरविंद शर्मा और महेश प्रताप राणा ने कहा कि भाजपा सरकार कारिडोर योजना को लेकर जनता को गुमराह कर रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष त्यागी और पूर्व



सभासद अशोक शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार कॉरिडोर योजना को लेकर भ्रामक प्रचार कर हरिद्वार का अहित कर रही है। युवा नेता वरुण बालियान और डॉ सुशील शर्मा ने कहा कि कॉरिडोर योजना को लेकर कांग्रेस जन जनजागरण अभियान चलाकर भाजपा को बेनकाब करेगी। सोम त्यागी और मनोज सैनी ने कहा कि हरिद्वार कारिडोर योजना की डीपीआर सार्वजनिक होने तक कांग्रेसजन चुप नहीं बैठेंगे। निवर्तमान पार्षद राजीव भार्गव और कैलाश भट्ट ने कहा कि भाजपा कॉरिडोर योजना से न सिर्फ व्यापारी वर्ग का अहित करेगी बल्कि तीर्थ पुरोहित, होटल कारोबारी, धर्मशाला, रिक्शा चालक व रेहड़ी पटरी वाले भी बेरोजगार हो जाएंगे।नगर अध्यक्ष ज्वालापुर अंकित चौहान और ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा ने कहा कि 1 दिसम्बर को शिवमूर्ति से हरकी पैड़ी तक विशाल मशाल जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर महिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लता जोशी, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना, ब्लॉक अध्यक्ष विमल शर्मा साटू, चौधरी बलजीत सिंह, दिनेश वालिया, सुंदर गिरी, निवर्तमान पार्षद उदयवीर सिंह चौहान, शहाबुद्दीन अंसारी, रियाज अंसारी, सुहैल कुरैशी, महानगर कांग्रेस महासचिव तरूण व्यास, रिषभ वशिष्ठ, अजय गिरी, शुभम जोशी, रवि ठाकुर, अरूण राघव, नवीन सैंस, बलराम गिरी कड़क, पवन शर्मा, बिंदेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, विकास गुप्ता, सेवादल अध्यक्ष अश्विन कौशिक, शौकत अली, रशीद अंसारी, धनीराम शर्मा, जुगनू चौहान, नकुल माहेश्वरी, वीरेंद्र भारद्वाज, बीएस तेजियान, अनंत पाण्डेय, सुरेन्द्र सैनी, मुन्ना मास्टर, रिषभ अरोड़ा, दीपक गौनियाल, नितिन कश्यप, मधुकांत गिरी, उस्मानी अंसारी, विक्की कोरी, विवेक भूषण, अमन गौड़ आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## हरिद्वार पुलिस ने धर दबोचे 04 वारण्टी

## हरिद्वार पुलिस की ताबडतोड कार्यवाही से वारण्टियो में खौफ



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में कोतवाली रानीपुर द्वारा वारण्टियो के विरूद्ध लगातार ताबडतोड कार्यवाही की जा रही है।

विगत कुछ दिनों में रानीपुर पुलिस द्वारा दर्जनो वारण्टियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है ।

इसी कार्यवाही को जारी रखते हुये दिनांक 21.11.2024 को रानीपुर पुलिस की अलग-अलग टीमो द्वारा दबिशे देकर मा0 न्यायालय से प्राप्त कुल 04 वारण्टियो 1- शकील उर्फ शब्बू पुत्र नसीम सम्बन्धित वाद सं0-1854/24

2- पंकज पुत्र कृष्ण कुमार सम्बन्धित वाद सं0-3368/24

3- अमित कुमार पुत्र महेन्द्र सिह सम्बन्धित वाद सं0 3475/24

4- हरिकिशन पुत्र निरंजन सिंह सम्बन्धित वाद सं0 3746/24 को उनके मस्कनो से पकड़ा गया ।

**नाम पता वारण्टी-**

1- शकील उर्फ शब्बू पुत्र नसीम निवासी वार्ड नं0 1, पिरान कलीयर थाना कलियर हरिद्वार।

2- पंकज पुत्र कृष्ण कुमार निवासी स्योहारा गाबडी थाना स्योहारा जिला बिजनौर उ0प्र0।

3- अमित कुमार पुत्र महेन्द्र सिह निवासी ग्राम जीतपुर मिलक थाना धामपुर पोस्ट मनपुवा जिला बिजनौर उ0प्र0।

4- हरिकिशन पुत्र निरंजन सिंह नि0 ग्राम बरौला सेक्टर-49 नोएडा उ0प्र0।

**पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 नवीन नेगी,
2. उ0नि0 देवेन्द्र पाल,
3. अ0उ0नि0 मोहन रावत,
4. अ0उ0नि0 अशोक कुमार,
5. कां0 256 सुमन डोभाल ,
6. कां0 176 गम्भीर तोमर,
7. कां0 777 सर्वजीत सिंह,

## हरिद्वार पुलिस द्वारा 5.64 ग्राम अवैध स्मैक के साथ आरोपी को धर दबोचा




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि 2025 के तहत जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/ चरस/ गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के आदेश के अनुपालन में थाना सिडकुल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र महिंद्रा पार्क सिडकुल से चैकिंग के दौरान एक आरोपी को 05.64 अवैध स्मैक के साथ सचिन उर्फ संजू उर्फ बाबा पुत्र सुलेख चंद को थाना क्षेत्र से पकड़ा गया।

**नाम पता आरोपी**

सचिन उर्फ संजू उर्फ बाबा पुत्र सुलेख चंद निवासी चौहान मार्केट निकट चौहान मेडिकल स्टोर रावली महदूद ।

**बरामदगी**

5.64 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

**आपराधिक**

1.मु0अ0स0- 382/2018 धारा 13 जी एक्ट थाना सिडकुल

2.मु0अ0स0- 428/2021 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना सिडकुल

3.मु0अ0स0- 504/2022 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना सिडकुल

4.मु0अ0स0- 615/2023 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सिडकुल

5.मु0अ0स0- 603/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना सिडकुल

**पुलिस टीम**

1.उप निरीक्षक श्री महिपाल सैनी
2.कांस्टेबल 1352 ललित बोरा
3.कांस्टेबल 842 हरिराज

# संदिग्ध वाहन को रोकने पर हिंदू संगठनों के कार्यकताओं को कुचलने का प्रयास, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष अकुंश पंडित घायल



मिशन नेशनल न्यूज / शमशाद अहमद

**भगवानपुर ।** शुक्रवार को कस्बे में संदिग्ध वाहन को रोकने को लेकर दो पक्षों में नोकझोंक हो गई। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी जारी है। कस्बे के हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने संदिग्ध वाहन को रोका था। दावा है कि वाहन में संदिग्ध मांस और अवशेष है। जिसके बाद वाहन सवारों और संगठन कार्यकताओं के बीच नोकझोंक हुई थी। आरोप है कि चालक ने वाहन से कुचलने का प्रयास किया था। इस बीच संगठन के अंकुश पंडित घायल हो गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन सवारों को हिरासत में लिया। जबकि वाहन से बरामद अवशेष को भी जांच के लिए भेजा। थाना प्रभारी सूर्यभूषण नेगी ने बताया कि संदिग्ध मांस के मिले अवशेषों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। मौके पर पकड़े गए दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस इस मौके पर विक्की पंडित, सागर राणा, अमित शर्मा, नीशू प्रजापति, आकाश धीमान, लविश यादव आदि मौजूद रहे।

## टीवी की 20 मरीजों को खाने की सामग्री बांटी गई

**हरिद्वार।** मेला अस्पताल हरिद्वार में बृहस्पतिवार को हंस फाउंडेशन चिकित्सा के द्वारा टीवी की 20 मरीजों को खाने की सामग्री बांटी गई।जिसमें चिकित्सा अधिकारी (टीवी) डॉक्टर सादाब ने बताया कि यह एक टीवी के मरीज का 3 महीने का राशन होता है।जिससे यह टीवी की बीमारी को कम करने में सहायक होता है।ओर आज के समय में टीबी लाइलाज रोग नहीं रहा है यदि हम थोड़ा प्रयास करें तो इस रोग का जड़ से खात्मा संभव है। हरिद्वार मेला अस्पताल में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लोगो को जागरूक भी किया गया।और प्रधामनमंत्री निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत टीवी के मरीजों को यह सामग्री वितरित की गई।इस दौरान मो० सलीम,दिनेश पंत ओर हंस फाउंडेशन की टीम मौजूद रही।

## बच्चे के सकुशल बरामदगी पर परिजनो के चहरे पर छलकी खुशी

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**स्कूल के छुट्टी के बाद बच्चा घर नही लौटा तो परिजनों के फूल गए थे पांव**

**खबर मिलते ही क्षेत्र में तलाश के लिए मशक्कत कर रही थी पुलिस टीमें**



लगातार मेहनत का मिला प्रतिफल, रामपुर रायघाटी से बच्चा किया सकुशल बरामद दिनांक 22-11-24 को भोगपुर लक्सर निवासी व्यक्ति ने कोतवाली लक्सर में सूचना दी कि उनके बिहारीगढ़ निवासी मामा का लडका जो उनके साथ ही रहता है और कक्षा 04 का छात्र है, परिजनों से नाराज होने के कारण स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर नहीं लौटा। सूचना पर हरकत में आयी पुलिस ने डिजिटल साक्ष्य खंगालते हुये अलग-अलग टीमें गठित कर तलाशी अभियान शुरू किया और बच्चे को रामपुर रायघाटी स्थित एक घर के पास से सकुशल बरामद किया। पुलिस कि त्वरित कार्यवाही व बच्चे कि सकुशल बरामदगी पर परिजनों व आस- पास के लोगो द्वारा पुलिस कि ह्रदय से आभार व्यक्त किया गया।

**पुलिस टीम-**

1-उ0नि0 नरेन्द्र सिंह
2-कानि0 संजय पंवार
3-कानि0 विनय थपलियाल
4-कानि0 अमित रावत
5-कानि0 बीरेन्द्र

# नशा तस्करों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस की निरन्तर प्रभावी कार्यवाही जारी

## शराब के धंधे में संलिप्त 04 आरोपियों को धर दबोचा

**हरिद्वार,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा अवैध मादक पदार्थ (अवैध शराब/स्मैक/चरस/गांजा/आदि) तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे।

अभियान के दौरान कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दिनांक 22-11-2024 को शराब के धंधे में संलिप्त 04 आरोपियों को मय अवैध देशी शराब के साथ अलग- अलग स्थानों में क्रमशः मोतीचूर फ्लाई ओवर के पास 2 खड्डा पार्किंग 3-गुरुद्वारे के बगल बाटर बाक्स के सामने 4-बाबा बफार्नी अस्पताल के पास से 04 आरोपियों को पकड़ा गया।




जिनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता आरोपी

1-अमित पुत्र मुन्ना निवासी ब्रहमपुरी कोतवाली नगर हरिद्वार

(29 पव्वे टैट्रा पैक देशी शराब मार्का माल्टा )

2-भाविक परमार पुत्र श्री विनोद निवासी झुग्गी झोपडी बिष्णुघाट कोतवाली नगर हरिद्वार

(35 पव्वे टैट्रा पैक देशी शराब मार्का माल्टा )

3- विजेन्द्र उर्फ झण्डू पुत्र भजन लाल निवासी लालतारौ पुल गुरुद्वारे के पास कोतवाली नगर हरिद्वार ।

(29 पव्वे टैट्रा पैक देशी शराब मार्का माल्टा)

4- हरचरण पुत्र कुंवरपाल निवासी भोजराजपुर थाना गित्रोर जिला सम्भल उत्तर प्रदेश ।


(40 पव्वे टैट्रा पैक देशी शराब मार्का माल्टा)

**पुलिस टीम**

1, कां0 1292 नापु संदीप रावत
2- कां0 507 नापु हरवीर सिहं
3- कां0 महेन्द सिंह
4- कां0 सुनील असवाल
5- हे0कां0 संजीव राणा
6- कां0 हरीश रतूडी
7- कां0 श्रीकान्त सिंह
8- कां0 जसवीन्दर सिंह

## रुड़की पुलिस द्वारा सड़क पर फल ठेली द्वारा किया गया अतिक्रमण पर बड़ी कार्यवाही

**30 व्यक्तियों के 81 पुलिस एक्ट में चालान**



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

रामपुर रोड चौकी सोत बी क्षेत्र अंतर्गत चौकी सोत बी रूडकी पुलिस टीम द्वारा अतिक्रमण हटाया गया।

सड़क सरेआमअतिक्रमण करने वाले फड़ ठेली वालों के 30 चालान □7500/- अंतर्गत धारा 81पुलिस एक्ट में वसूल की गई, एवं 09 चालान कोटपा अधिनियम के अंतर्गत □500 जुमार्ना वसूल किया गया।

मुक्त अतिक्रमण करने वाले फड ठेली /धूम्रपान करने वालों को हिदायत देकर रुखसत किया गया।

**पुलिस टीम**

1-उपनिरी0 अंशु चौधरी
2-अ0उ0नि0 पंचराम शर्मा
3-हेड कांस्टेबल विपिन
4-कांस्टेबल सुरेश तोमर

# S.P.R.A. स्वप्न किशोर सिंह ने दी कोतवाली गंगनहर में दस्तक

## कोतवाली गंगनहर का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

एसपी ग्रामीण स्वप्न किशोर सिंह द्वारा सीओ रूड़की नरेंद्र पंत की उपस्थिति में कोतवाली गंगनहर का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री किशोर द्वारा प्रभारी निरीक्षक गंगनहर व अन्य मातहतों को निम्नलिखित दिशा-निर्देश दिए-

थाना परिसर/भवन व बैरक का निरीक्षण कर बैरक के रखरखाव व साफ- सफाई संतोषजनक जताते हुए मालखाने के रखरखाव एवं संपूर्ण सरकारी संपत्ति को चेक किया गया तथा माल निस्तारण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

सरकारी संपत्ति, अस्लाह, बलवा नियंत्रण उपकरण, आपदा उपकरण का निरीक्षण किया गया, जिसका रखरखाव संतोषजनक पाया गया।



कोतवाली गंगनहर के अधिकारी/ कर्मचारीगण को वेपन हैंडलिंग कराई गयी व शस्त्रों की साफ सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते हुए नियुक्त कर्मचारी गण को व्यवस्था सुधारने तथा सीएम पोर्टल सहित अन्य पोर्टलों, ऑनलाइन शिकायतों तथा चरित्र सत्यापन आदि को निश्चित समय सीमा के अंदर संबंधित अधिकारी/ विभाग को रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया '

लंबित माल मुकदमाती, लावारिस, कुर्की आदि मालों का निरीक्षण किया गया' मालों के रखरखाव के संबंध में आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए तथा एमवी एक्ट, लावारिस व अभियोगों से संबंधित मालों का शीघ्र निस्तारण व नीलामी प्रक्रिया किये जाने हेतु मालखाना मोहर्रिर को निर्देशित किया गया ।

उपलब्ध सभी अभिलेखों को अध्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया गया' अभिलेखों का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया। तथा अभिलेखों को संबंधित शाखा व विभागों से मिलान किए जाने हेतु निर्देशित किया।

## एसडीएम जितेंद्र कुमार से भेंटकर वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी सुभाष नंबरदार ने गन्ना भुगतान तथा मिल संचालन शीघ्र प्रारंभ पर चर्चा की



मिशन नेशनल न्यूज / शमशाद अहमद

**रुड़की।** उत्तराखंड किसान कामगार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी सुभाष नंबरदार में भगवानपुर एसडीएम जितेंद्र कुमार से शिष्टाचार भेंट कर किसानों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018-19 का इकबालपुर मिल पर किसानों का बकाया भुगतान है, इसके साथ ही गत वर्ष का संपूर्ण गन्ना भुगतान भी इकबालपुर मिल द्वारा नहीं किया गया है। उन्होंने उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार को बताया कि केवल वार्ता में बार-बार भुगतान करने का आश्वासन दिया गया, किंतु मिल प्रबंधन की ओर से गन्ने का भुगतान नहीं किए जाने से गन्ना किसान बड़े संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गन्ना मिल तुरंत चालू किया जाए तथा गन्ने का निर्धारण मूल्य भी तय किया जाए। आज किसानों के सामने समय पर भुगतान न किए जाने के कारण आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। चौधरी सुभाष नंबरदार से वार्ता के दौरान उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार ने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही किसानों का भुगतान कराया जाएगा तथा फैक्ट्री का संचालन भी होगा, ताकि किसान गन्ना सप्लाई कर गेहूं की बुवाई का कार्य प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने इस संबंध में मिल प्रबंधन से भी वार्ता की। इस दौरान संजय कुमार, हरीश, दीपक कुमार, विशाल, मतलूब हसन आदि मौजूद रहे।


## स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज का वक्फ पर बड़ा बयान,वक्फ बोर्ड से हिन्दू संस्कृति को बताया खतरा



मिशन नेशनल न्यूज / शमशाद अहमद

रुड़की जीवन दीप आश्रम के स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज ने वक्फ बोर्ड को लेकर बड़ा बयान दिया है।ओम ग्रुप आफ कॉलेज के 18 वें स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज ने कहा कि भारत की संस्कृति को बचाना है तो देश के तमाम वक्फ बोर्ड को समाप्त करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड का दुरुपयोग हो रहा है वक्फ बोर्ड की भूमि सरकार की होनी चाहिए वक्फ बोर्ड का कोई आधार नहीं है।इस दौरान उन्होंने सनातन बोर्ड को जल्द से जल्द बनाए जाने की मांग भी सरकार से की है। स्वामी ने कहा कि अब देश का साधु समाज सनातन संस्कृति के लिए खड़ा हो चुका है अब सरकार को सनातन बोर्ड का जल्द से जल्द गठन कर देना चाहिए।उन्होंने कहा कि सरकार को साधु संतों की भावनाओं का ध्यान रखना चाहिए अगर ऐसा नहीं होता तो साधु संत सरकार को सनातन बोर्ड के गठन के लिए मजबूर कर देंगे।स्वामी ने कहा कि देश के अंदर चालीस पचास परिवार इस देश को बांटना चाहते हैं जिनमें कुछ यूपी,बिहार महाराष्ट्र में है तो कुछ हरियाणा ,पंजाब और दक्षिण के परिवार शामिल हैं ये लोग समाज को जाति और धर्म को बांटना चाहते हैं जिस दिन इनका स्वाहा हो जायेगा उस दिन इस देश में कोई परेशानी नहीं होगी।रुड़की के ओम ग्रुप आफ कॉलेज के 18 वें स्थापना दिवस पर रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, इस दौरान अतिथियों द्वारा कुंती झ कुंज भवन का लोकार्पण भी किया गया, कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज, शैलेंद्र कुमार, मदनलाल भट्ट, ओ.पी. सिंह, अरुण त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,वही कॉलेज के चेयरमैन मुनीष सैनी ने बताया कि 2007 से केवल 6 विद्यार्थियों के साथ यह कॉलेज शुरू हुआ था और आज हजारों की संख्या में कॉलेज में बच्चे शिक्षक ग्रहण कर रहे हैं उन्होंने कहा कि हमारे कॉलेज में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन की शिक्षा भी दी जाती है उन्होंने आए सभी मुख्य अतिथियों का फूल मालाओं और शॉल से जोरदार सम्मानित किया गया

# सट्टे की खाईबाडी करते पुलिस ने एक व्यक्ति को दबोचा




रिपोर्टर शमशाद अहमद

लकसर पुलिस के द्वारा सट्टे की खाईबारी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है उससे 1120 रुपए सट्टा परची गत्ता व एक पेन भी बरामद हुआ है लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाये जाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 21 नवंबर 2024 को चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया उससे 1120 बरामद हु पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम ऋषिपाल पुत्र संता सिंह निवासी निकट रवीदास मंदिर सुलतानपुर कोतवाली लकसर बताया उसको पकड़ाने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल अजीत तोमर प्रकाश खंनेडा शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है

## न्यायालय के आदेश पर पीसीआर पर लिये गये अभियुक्त से तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

लक्सर शराब कारोबारी के घर पर जान से मरने की नियत से फायर करने वाले को पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पीसीआर पर लेकर उससे एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया दो नवंबर 2024 को सुशील कर्णवाल पुत्र सुख्खन सिंह निवासी वार्ड नंबर 11 केशव नगर लक्सर जिला हरिद्वार द्वारा तीन लोगों के खिलाफ अपने ऊपर जान से मरने की नियत से फायर करने के संबंध में तहरीर दी गई थी जिसके आधार पर पुलिस के द्वारा संबंधित मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें अभियुक्त को पकड़ने के लिए पुलिस टीम के लगातर दबीश व छापेमारी की जा रही थी अभियुक्त द्वारा न्यायालय की शरण ली गई जिस पर लक्सर पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय से अभियुक्त को पीसीआर में लेकर अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है अभियुक्त का नाम अंकुश पुत्र जोध सिंह निवासी रोहालकी थाना खानपुर जनपद हरिद्वार उसको पकड़ाने वाली पुलिस टीम में लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन चौहान कांस्टेबल ध्वज वीर सिंह किशोर नेगी शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में जो मुकदमा दर्ज किया गया था उसी मुकदमे में दाखिल कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है

# लक्सर तहसील क्षेत्र मे ग्राम सभा की भूमि पर खड़े शीशम के हरे पेड़ों पर चली आरी, ग्राम प्रधान ने वन विभाग से की शिकायत,वन क्षेत्राधिकारी ने दिए जांच के आदेश

## पास के गांव के लोगों पर चोरी से पेड काटने का आरोप





मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

लक्सर। तहसील क्षेत्र मे ग्राम सभा की भूमि पर लगे शीशम के हरे पेड़ों को काटने का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान सुखदेव ने वन विभाग से इसकी शिकायत कर मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। ग्राम प्रधान का आरोप है कि पास के गांव के लोगों ने चोरी से शीशम के 25 हरे पेड़ काटकर ठिकाने लगा दिए हैं। वहीं वन विभाग ने सूचना मिलने पर बीट अधिकारी को मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक लक्सर तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर बेला के ग्राम प्रधान सुखदेव सिंह ने वन क्षेत्राधिकार को फोन पर सूचना दी कि उनकी ग्राम सभा की भूमि पर खड़े शीशम के हरे 25 पेड़ पास के गांव के लोगों ने रात को चोरी से काट लिए हैं और उनको ठिकाने लगा दिया है। वहीं सूचना मिलने पर लक्सर वन क्षेत्राधिकार यशपाल सिंह राठौड़ ने खानपुर बीट इंचार्ज को मामले की जांच के आदेश दे दिए है। ग्राम प्रधान शेरपुर बेला सुखदेव सिंह ने बताया कि पेड़ काटने की सूचना वन विभाग और पुलिस को दे दी गई है। ग्राम प्रधान ने बताया ग्रामीणों द्वारा पेड़ काटने की सूचना दी थी जिस पर हम लोग ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और पेड़ों का निरीक्षण किया है जहां पर 25 से 30 पेड़ कटे हुए पाए गए। पेड़ों को पास गाँव के लोगों द्वारा काटना बताया जा रहा है।पेड़ों को काटकर उनकी जड़ों को झाड़ियां से और मिट्टी से ढका गया था। वहीं वन क्षेत्राधिकार यशपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि शेरपुर बेला से शीशम के पेड़ काटे जाने की सूचना मिली थी बीट अधिकारी को मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। जाच के बाद ही पता चलेगा कि ग्राम सभा की भूमि से पेड़ चोरी हुए हैं या किसानों ने अपने खेतों से काटे हैं जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

# श्यामपुर पुलिस ने 10 लाख की स्मैक के साथ नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

## जिला महासचिव से खरीदकर लाया था नशा तस्कर स्मैक, नामजद मुकदमा दर्ज

मिशन नेशनल न्यूज / शमशाद अहमद

श्यामपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है, श्यामपुर पुलिस ने स्मैक की तस्करी करते हुए बिजनौर के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 10 लाख रुपये की कीमत की 30 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। आरोपी स्मैक की तस्करी कर देहरादून ले जा रहा था। आरोपी के बिजनौर में भीम आर्मी के जिला महासचिव राहुल चौधरी से स्मैक खरीदकर लाया था। उसकी भी तलाश शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत श्यामपुर पुलिस लगातार नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में बुधवार देर रात थाना श्यामपुर पुलिस नीलेश्वर मंदिर के पास बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों और संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित चेकिंग कर रही थी।इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 30 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिसकी बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। श्यामपुर थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान शांतनु कुमार, निवासी नगीना, उत्तर प्रदेश के रूप में




हुई है। पूछताछ में शांतनु ने खुलासा किया कि उसने यह स्मैक नगीना के रहने वाले राहुल चौधरी से ली थी और वह इसे देहरादून में सप्लाई देने जा रहा था। पुलिस ने मामले में राहुल चौधरी को वांछित घोषित कर उसके खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है, और अग्रिम कार्रवाई जारी है। श्यामपुर पुलिस की इस कार्रवाई से नशा तस्करों के खिलाफ सख्त संदेश गया है। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए अभियान जारी रहेगा

# सर्दियों में सांस के रोगी रहें सचेत



सर्दियों में तापमान में कमी और वातावरण में प्रदूषित तत्वों की बढ़ी हुई मात्रा सेहत के लिए मुसीबत का कारण बन सकती है। सर्दियों का मौसम खासतौर पर सांस के मरीजों के स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन जाता है। इस मौसम में सांस संबंधी दिक्कतें जैसे दमा, फ्लू और सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या काफी बढ़ जाती है।

## प्रदूषित कोहरे का दुष्प्रभाव

सर्दियों में होने वाला कोहरा (जो वायुमंडल की जलवाष्प के संघनित होने से बनता है) कमोबेश हानिरहित होता है, लेकिन धुएं और सस्पेन्डिड पार्टिकल्स (छोटे-छोटे प्रदूषित कणों) के इर्द-गिर्द जमने से बना स्मोग (प्रदूषित कोहरा) मानव शरीर और खासतौर पर श्वसन तंत्र के लिए किसी विपत्ति से कम नहीं होता। इस वजह से लोगों की आंखों में जलन, आंसू, नाक में खुजली, गले में खराश और खांसी जैसे लक्षण सामान्य तौर पर देखने को मिलते हैं। सर्दी बढ़ने के साथ ही सांस की नली की संवेदनशीलता तुलनात्मक रूप से बढ़ जाती है, जिससे सांस की नली सिकुड़ती है। इस कारण सांस के रोगियों में समस्या की आशंका बढ़ जाती है।

## वृद्ध रहें सजग

वृद्धों में सांस संबंधी समस्याएं कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती हैं। दरअसल बुजुर्गों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण उन्हें सांस संबंधी बीमारियों का ज्यादा खतरा रहता है।

दमा या अस्थमा- वातावरण में किसी भी प्रकार के बदलाव से शरीर में परिवर्तन होता है, जिससे, एलर्जी और अस्थमा के रोगी मुख्य रूप से प्रभावित होते हैं। जाड़े में इन मरीजों की परेशानियां बढ़ जाती है। इसलिए उन्हें विशेष तौर पर अपना ख्याल रखने की सलाह दी जाती है।

फ्लू या इंफ्लूएंजा- यह समय फ्लू या इंफ्लूएंजा के वाइरस के सक्रिय होने का है। इस कारण फ्लू के मामलों में काफी वृद्धि हो जाती है। बच्चों, वृद्धों, गर्भवती महिलाएं और एच.आई.वी. से पीड़ित रोगियों में यह संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है।



## क्या करें

- सांस के रोगी खासकर दमा के मरीज न सिर्फ सर्दी से बचाव करें बल्कि नियमित रूप से डॉक्टर के संपर्क में रहें। डॉक्टर की सलाह से अपने इनहेलर की डोज भी दुरुस्त कर लें। कई बार इनहेलर्स की मात्रा बढ़ानी होती है।
- सर्दी से बचकर रहें। पूरा शरीर ढकने वाले कपड़े पहनें। सिर, गले और कान को खासतौर पर ढकें।
- सर्दी के कारण साबुन-पानी से हाथ धोने की अच्छी आदत न छोड़ें।
- गुनगुने पानी से नहाएं।
- सर्दी के मौसम में मालिश लाभप्रद है।
- सर्दी, जुकाम, खांसी, फ्लू और सांस की अन्य बीमारियों से ग्रस्त रोगियों को सुबह- शाम भाप(स्टीम) लेनी चाहिए।
- फ्लू के रोगी खांसते या छींकते समय मुंह पर हाथ रखें या रूमाल का प्रयोग करें।
- फ्लू के रोगियों द्वारा इस्तेमाल की गई वस्तुओं जैसे रूमाल व चादरों आदि को सुरक्षित विधि से साफ करें।
- अगर आप में फ्लू के लक्षण हैं, तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें और घर मे ही रहें।
- फ्लू पीड़ित से कम से कम 1 मीटर दूर रहें।
- हाथ मिलाने या गले मिलने से बचें, भारतीय पद्धति के अनुसार नमस्कार करें।

## क्या न करें

- सर्दी में सांस के मरीजों को सुबह की सैर नहीं करनी चाहिए।
- सुबह ठंडे पानी से न नहाएं। सांस के रोगियों को अलाव के धुएं से बचना चाहिए, अन्यथा इससे उन्हें सांस का दौरा पड़ सकता है।

# घर पर करें गोभी और मिर्च से रोगों का उपचार

जार्जटाऊन यूनिवर्सिटी मैडीकल सैंटर के शोधकर्ताओं के अनुसार फूलगोभी, पत्तागोभी तथा जलकुंभी परिवार की सब्जियों में एक प्रकार का पदार्थ पाया जाता है जो मानव एवं जानवर दोनों में फेफड़े का कैंसर रोकने में सहायक होता है।

शोधकर्ताओं के अनुसार 'प्रेफेक्स' नामक एक ऐसा पदार्थ गोभी में पाया जाता है जो फेफड़े को कैंसरग्रस्त होने से रोकता है। यह पदार्थ सैक्स उत्तेजक भी होता है। इसी प्रकार मिर्च खाने से शरीर की चर्बी कट जाती है और वजन कम हो जाता है।

मिर्च की तासीर के कारण चर्बी बढ़ाने वाली कोशिकाएं खुद ब खुद नष्ट होने लगती है। ताईवान के शोधकर्ता चिन-लिन-शू के अनुसार मिर्च शरीर के चयापचय की प्रक्रिया को तेज करती है और यह मोटापे को कम करने के साथ ही कालरा तथा ब्रांकाइटिस जैसी बीमारियों का उपचार भी करती है।



गोभी और मिर्च से बहुत से रोगों का उपचार घर पर ही किया जा सकता है। आईए जानें कैसे

### गोभी

1 गोभी में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को दरूस्त रखते हैं और पेट संबंधी रोगों से राहत देते हैं।
2 गोभी का सेवन करने से कैंसर जैसी भयानक बीमारी का खतरा कम होता है।
3 गोभी का सेवन मोटापे से निजात दिलाता है।
4 गोभी में कैल्शियम की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो शरीर की हड्डियों के लिए काफी फायदेमंद होती है और दांतों को भी मजबूत बनाने में मददगार साबित होती है।

### मिर्च

1 जब आप हरी मिर्च अपने दांत से चबाते हैं तो इसका तीखा अनुभव आपके मुंह में अधिक थूक पैदा करता है जो रक्त के थक्कों को घोलने में काफी सहायक होता है।
2 हरी मिर्चों में विटामिन सी की मौजूदगी शरीर को खांसी, जुकाम तथा श्वास संबंधी अन्य समस्याओं से बचाने में सहायता करती है।
3 हरी मिर्च में मौजूद विटामिन के ओस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करता है।
4 हरी मिर्च एक प्राकृतिक दर्द निवारक है और यह ओस्टियोआर्थराइटिस जैसी स्थितियों में इलाज में काफी लाभदायक होती है।
5 मोटापे से पीड़ित लोगों में कोलैस्ट्रॉल के स्तरों को कम करने में हरी मिर्चें काफी सहायक होती हैं।

# मानव पर रंगों का प्रभाव

सफेद रंग हल्केपन एवं शीतलता का आभास देता है।

पीला रंग उत्फुल्लता, हल्केपन खुलेपन और गर्माहट का आभास देता है, नब्ज की रफ्तार तेज करता है परंतु आक्रामक प्रतिक्रिया भी पैदा कर सकता है।

बैंगनी रंग थकान और भारीपन का भ्रम उत्पन्न कर थकान, बोरियत या बोझ की अनुभूति करता है।



गहरा नीला रंग मस्तिष्क को विश्रांति देता है किन्तु दुख का बोध भी कराता है। गहरे नीले रंग से पूरा कमरा ठंडा एवं भरा-भरा प्रतीत होता है।

हरा रंग शांति एवं शीतलता का अहसास कराता है। आंखों से दबाव घटाकर नेत्र ज्योति तेज करता है। खून का दबाव भी सामान्य करता है। हल्का नीला रंग शीतलता व अलगाव द्वारा चैन देता है। काला रंग ओजस्विता कम करता है, अवसादकारक एवं उत्पीड़क बोझ देने वाला है। काले रंग पुते तल काफी बड़े प्रतीत होते हैं। भूरा रंग स्थायित्व, गर्म और मानसिक संतुलन बोधकारक होता है। सलेटी रंग को ठंडा, नीरसता व विरक्तिबोधक माना जाता है। श्वेत एवं नीले रंग के सम्मिश्रण को शीतलता और चैन का द्योतक कहा गया है। जामुनी रंग गर्म एवं उत्साहवर्धक माना गया है। लाल रंग गर्मजोशी, मनोबल बढ़ाता है, मगर देर तक हावी रहना थकान एवं धड़कन बढ़ाता है

# ठंड में त्वचा रोगों से बचाव के घरेलु नुस्खे



1 सर्दी के मौसम में स्वस्थ त्वचा के लिए जरूरी है नियमित स्नान। भले ही आप प्रतिदिन न नहाएं परंतु हर दूसरे दिन नहाने का नियम बनाएं। जिस दिन नहीं नहाएं, उस दिन स्पंज करें तथा अंदर के कपड़े अवश्य बदलें। नहाने के लिए ठंडा-गर्म जैसा पानी चाहें, इस्तेमाल कर सकते हैं।
2 जाड़े में साबुन का प्रयोग ज्यादा न करें। नहाने से पहले पूरे बदन में तेल लगाएं। नहाने के बाद तेल या माश्चराइजर का उपयोग करें। पानी से करने वाले काम एक ही बार में निपटा लें। बार-बार पानी में हाथ न डालें। यदि पानी का काम करना जरूरी हो तो पहले हाथों में मलाई लगाएं। दस्ताने पहन कर काम करने से त्वचा सुरक्षित रहती है।
3 सर्दियों में धूप का नियमित सेवन करके चिलब्लेंस व डर्माटाइटिस जैसे रोगों से बचा जा सकता है। धूप में उतना ही बैठें जितनी देर आराम महसूस करें। अगर त्वचा लाल पडने़ लगे या सूजने लगे, तो धूप से हट जाएं। जिन्हें धूप से एलर्जी है उनके लिए सर्दी की धूप भी नुक्सानदायक है। ऐसे लोग धूप में कम निकलें। जब भी धूप में निकलें तो सिर पर स्कार्फ बांध लें या छतरी भी लगा सकते हैं।
4 हाथ-पैर की उंगलियों के सुन्न होने, खून का दौरा कम होने या त्वचा के फटने से बचने का सबसे अच्छा उपाय है संतुलित आहार। भोजन में दूध, दही और हरी सब्जियां खूब लें। विटामिन ए ज्यादा से ज्यादा लें। त्वचा के लिए गाजर का सेवन बहुत फायदेमंद है।
5 यूरिया आयंटमैंट त्वचा के फटने, सूजन और लाल होने वाली त्वचा के उपचार के लिए बहुत उपयोगी है। यह यूरिया से बनती है। इसको मलने से त्वचा काफी देर तक मुलायम बनी रहती है। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा में होने वाले रोगों से बचा जा सकता है तथा त्वचा स्वस्थ रहती है।

# कहीं आप भी खून की कमी का शिकार तो नहीं हो रहे



आज के भागदौड़ भरे जीवन में फास्ट फूड का प्रचलन बड़ रहा है। जिससे भोजन में पौष्टिक आहार की कमी के कारण आज प्रत्येक वर्ग के लोग खून की कमी से जूझ रहे हैं। जिसमें अधिकतर संख्या युवाओं की है जिसके कारण उन्हें कमजोरी आदि की शिकायतें होने लगी हैं। खून की पाई जाने वाली इस कमी को एनीमिया कहते हैं। एनीमिया का प्रमुख कारण सही प्रकार की डाइट न लेना है। पुरुषों में खून की मात्रा 14 से 18 ग्राम प्रति डैसीलीटर होनी चाहिए। वहीं महिलाओं में यह 12 से 16 ग्राम प्रति डैसीलीटर है। इससे कम मात्रा में पाए जाने वाले खून को एनीमिया कहते हैं। वैसे 10 ग्राम से अधिक खून वाले भी स्वस्थ रहते हैं, परंतु इससे कम खून वाले को अधिक से अधिक डाइट लेनी चाहिए।

एनीमिया की 3 स्टेज होती हैं, जिनमें प्रथम स्टेज को माइलड कहते हैं, जो 10 से 12 ग्राम होती है। वहीं 6 से 10 ग्राम को मोडरेट व 6 ग्राम से कम की स्थिति खतरनाक होती है। जिसे सीवियर एनीमिया कहते हैं।

एनीमिया अत्यधिक गंभीर रोग तब होता है जब हैपिटाइटिस बी, सी तथा एच.आई.वी. जैसे संक्रमण होते हैं। डाक्टरों का सुझाव है कि अधिक मात्रा में भी आयरन का सेवन नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे हृदय संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

कैसे करें खून की कमी पूरी

1 एनीमिया से निजात पाने के लिए बैलेंस डाइट जरूरी है। प्रोटीन, आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन, मांस, मछली में ही नहीं दूध, हरी सब्जियां, मटर, फलियों तथा पत्तेदार सब्जियों, शीरा, गुड़, किशमिश, खजूर, सेब इन सबमें अलग-अलग रूप में मिल जाते हैं। इन तत्वों में खून बनने में सहायता मिलती है।


2 खाना खाने से पहले व बाद में आधे घंटे तक चाय का सेवन भी नहीं करना चाहिए। चाय खाने में मिलने वाले पौष्टिक तत्वों को डाइजेस्ट नहीं होने देती।

3 आयरन युक्त डाइट तभी फायदेमंद होती है, जब उसके साथ विटामिन सी का भी सेवन किया जाए। विटामिन सी के लिए अमरूद, आंवला और संतरे का जूस लें। वैसे तो बैलेंस्ड डाइट और हैल्दी लाइफ स्टाइल ही काफी है लेकिन फिर भी किसी कारण से एनीमिया हो जाता है तो प्रापर ट्रीटमैंट लेना आवश्यक है। डाक्टर की सलाह से ब्लड टैस्ट कराएं ताकि बीमारी का कारण पता चल सके। उसके बाद ही डाक्टर आपका सही ट्रीटमैंट कर सकेंगे।

# रूखी त्वचा को कोमल बनाता है नारियल तेल

ठंड के कारण कई समस्याएं होती हैं. इस मौसम में त्वचा के रोग और सर्दी-जुकाम होना आम बात है. इन समस्याओं से निबटने के लिए प्रस्तुत हैं कुछ आसान घरेलू उपाय, जिनसे इन समस्याओं से निबटा जा सकता है.

- रूखी त्वचा से बचने के लिए नैचुरल मॉस्च्यूराइजर, जैसे- नारियल तेल लगाएं.



- शहद के साथ गुलाब जल मिला कर चेहरे पर लगाएं. इससे त्वचा में चमक आयेगी और चेहरा साफ होगा.
- स्नान से पहले नारियल तेल लगा लें, इससे चिकनाई और कोमलता आयेगी.
- नीबू का रस लगाएं. इसमें मौजूद विटामिन-सी चेहरे की चमक बनाये रखती है.
- सर्दी के मौसम में विटामिन की कमी के कारण होठ फटने लगते हैं, इसलिए टमाटर, गाजर, साबूत अनाज और फल-सब्जियों का सेवन करें.
- नारंगी के छिलके के पाउडर में शहद मिला कर लगाने से त्वचा निखरती है.
- जितना हो सके, आहार में विटामिन-इ युक्त खाद्य पदार्थो, जैसे- पालक, बादाम, कद्दू आदि का सेवन करना बेहतर होता है.

# सेहत का खजाना है पालक

हरी सब्जियों में पालक का नाम सबसे ऊपर है. यह शरीर के लिए काफी फायदेमंद है. इसमें शरीर के लिए आवश्यक अमीनो एसिड, विटामिन ए, फोलिक एसिड, प्रोटीन और लौह तत्व भरपूर मात्र में होते हैं. इसके सेवन कई रोगों से भी छुटकारा मिलता है.

यह हरी पत्तेदार सब्जी गुणों से भरपूर है. पोषक तत्वों की प्राप्ति के लिए इसका नियमित सेवन बेहतर माना जाता है. पालक में विटामिन ए और सी प्रचुर मात्र में होते हैं. इसके अलावा विटामिन बी कॉम्पलैक्स, फोलिक एसिड, मैग्नीशियम की भी प्रचुरता होती है. शोध के अनुसार एक कप पालक से दिन भर की मैग्नीशियम की जरूरत का 40 प्रतिशत प्राप्त हो जाता है. मधुमेह पीड़ित लोगों के लिए भी पालक अच्छा विकल्प है. दही के साथ कच्चे पालक का रायता बहुत ही स्वादिष्ट और गुणकारी होता है.

इन रोगों से बचाता है -

ऑस्टियोपोरोसिस - खनिज तत्वों की प्रचुरता के कारण यह हड्डियों को मजबूत बनाता है और ऑस्टियोपोरोसिस को दूर रखता है.

आंखों की रोशनी - पालक मैकुलर डिजेनरेशन का जोखिम भी कम करता है. मैकुलर डिजेनरेशन 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अंधेपन का मुख्य कारण है. इसके अलावा, विटामिन ए की कमी से रतौंधी और आंखों की रोशनी में कमी जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं.

शरीर की क्षतिपूर्ति में सहायक - प्रचुर मात्र में मौजूद फोलेट डीएनए और कोशिकाओं की सामान्य क्षति को पूरा करता है और इससे शरीर स्वयं अपने नुकसान की भरपाई कर लेता है.

एंटीऑक्सीडेंट - यह शरीर में उपापचय व अन्य सामान्य क्रियाओं के दौरान बननेवाले फ्री-रेडिकल्स से लड़ने में सहायक है. फ्री रेडिकल्स कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और कैंसर तथा हृदयरोगों के कारण बन सकते हैं.

वजन घटाने में सहायक - इसमें फाइबर प्रचुर मात्र में होता है, इसलिए यह मोटापा घटाने के इच्छुक लोगों के लिए आदर्श आहार है. सलाद, सब्जी और जूस में पालक का ज्यादा-से-ज्यादा उपयोग बेहतर होता है.

पोस्टमेनोपॉजल सिंड्रोम - पालक में मौजूद मैग्नीशियम पीएमएस के लक्षणों में कमी लाता है. इस अवस्था में पेट फूलने जैसी शिकायतों से बचने के लिए पालक बेहतर विकल्प है.



प्रतिरक्षा प्रणाली बनाता है मजबूत - पालक में मौजूद पोषक तत्व प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाते हैं और शरीर को सामान्य संक्रमणों से बचाते हैं.

बालों को मिले मजबूती - इसमें बालों के लिए आवश्यक विटामिन भी विशेष मात्र में होते हैं. बाल झड़ने से परेशान लोगों को कच्चे पालक का सेवन करना चाहिए.

ये लोग न करें सेवन - पालक में कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है, जो मिल कर कैल्सियम फॉस्फेट बनाता है. यह पानी में घुलता नहीं है, जिससे पथरी बन जाती है. इसलिए पथरी क` रोगियों को सिर्फ पालक की सब्जी नहीं खानी चाहिए. पालक और हरी पत्तेवाली मेथी मिला कर साग बना कर खाने से पथरी नहीं बनती है. कच्चे पालक के रस के सेवन करने से भी पथरी नहीं होती है.

# CM योगी ने वन दरोगा के पद पर चयनितों को बांटा नियुक्ति पत्र, कहा- निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती कर भाई-भतीजावाद समाप्त किया

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पारदर्शी और योग्यता आधारित मिशन रोजगार पहल के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के माध्यम से 701 नव चयनित वन दरोगाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। शुक्रवार को लखनऊ के लोकभवन में वन विभाग...**

लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पारदर्शी और योग्यता आधारित मिशन रोजगार पहल के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के माध्यम से 701 नव चयनित वन दरोगाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। शुक्रवार को लखनऊ के लोकभवन में वन विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने उन्हें उनकी नई भूमिकाओं के लिए बधाई दी। उन्होंने निष्पक्ष भर्ती के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि पारदर्शी चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए भाई-भतीजावाद को समाप्त कर दिया गया है। योगी ने केवल योग्यता के आधार पर अवसर प्रदान करने के लिए यूपीएसएसएससी की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2017 से सात लाख युवाओं ने पारदर्शी प्रक्रियाओं के माध्यम से सरकारी नौकरी हासिल की है।

**योग्य उम्मीदवार का बिना किसी भेदभाव के अपने सपनों को पूरा कर रहे हैं**

उन्होंने कहा ह्यह्य यह ईमानदारी सुनिश्चित करती है कि योग्य उम्मीदवार बिना किसी भेदभाव का सामना किए अपने सपनों को प्राप्त कर सकें।' उन्होंने कहा कि अतीत में यूपी में भर्ती की घोषणाएं अक्सर व्यक्तिगत संबंधों को तरजीह देती थीं, जो महाभारत में देखी गई जटिल रिश्तेदारी की याद दिलाती थीं।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार ने भर्ती प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद और पक्षपात को खत्म कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारियों और विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि यूपी के 25 करोड़ लोग एक परिवार का हिस्सा हैं और किसी भी युवा को भेदभाव का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भर्ती प्रक्रिया अब पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित की जाती है। नवनियुक्त उम्मीदवारों को संबोधित करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार उनसे अपनी भूमिकाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता के समान मानकों को बनाए रखने की उम्मीद करती है। 2017 में सरकार बनने के बाद से नियुक्ति प्रक्रिया में ईमानदारी सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं।

**सीएम योगी का दावा- 7 लाख से अधिक युवाओं ने सरकारी नौकरी हासिल की**

योगी ने कहा ह्यह्य किसी भी स्तर पर किसी भी तरह की लापरवाही के लिए जवाबदेह ठहराया जाता है। इस द्दष्टिकोण ने सरकार को पिछले साढ़े सात वर्षों में 7 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने की अनुमति दी है, जो पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती के प्रधानमंत्री मोदी के द्दष्टिकोण को साकार करता है।'' उन्होंने राज्य की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला और कहा कि इस अवधि के दौरान यूपी ने अपनी अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय को लगभग दोगुना कर दिया है। उन्होंने कहा ह्यह्य 7 लाख से अधिक युवाओं ने सरकारी नौकरी हासिल की है और 2 करोड़ से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार



के अवसर मिले हैं।'

**701 वन निरीक्षकों को सीएम ने दिया नियुक्ति पत्र**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने पारंपरिक उद्योगों को भी पुनर्जीवित किया है, जिससे रोजगार के प्रचुर अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने यूपी की बड़ी, कुशल और ऊजार्वान युवा आबादी पर गर्व व्यक्त किया, जिनकी प्रतिभाओं का उपयोग सरकारी नौकरियों, स्टाटर्अप्स, एमएसएमई और अन्य उद्योगों सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है, जिससे राज्य का विकास आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि नव नियुक्त 701 वन निरीक्षकों में से 140 महिलाएं हैं, जो राज्य की महिला आरक्षण नीति की सफलता का प्रमाण है।

**यूपी में 20 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं**

उन्होंने सभी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए समान अवसर प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, इस बात पर जोर दिया कि उनकी भागीदारी पर्यावरण संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि यूपी में सभी भर्ती पदों में से 20 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित हैं और आगामी पुलिस भर्ती अभियान में भी बड़ी संख्या में महिलाओं का चयन किया जाएगा। ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसी गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों को संबोधित करते हुए योगी ने उनकी गंभीरता को रेखांकित किया। उन्होंने बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण लखनऊ सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में हाल ही में स्कूलों को बंद किए जाने का संदर्भ दिया, जिससे पर्यावरण जागरूकता और कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

**साढ़े सात वर्षों में यूपी में 200 करोड़ से अधिक पेड़ लगाए**

उन्होंने वन विभाग से इन मुद्दों को संबोधित करने में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया, इस बात पर जोर देते हुए कि चूंकि मनुष्य ने इन समस्याओं को पैदा किया है, इसलिए उन्हें समाधान का भी हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने विभाग के कर्मचारियों से समुदायों को जोड़ने और पर्यावरण संबंधी चिंताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने का आग्रह किया। योगी ने कहा कि पिछले साढ़े सात वर्षों में यूपी में 200 करोड़ से अधिक पेड़ लगाए गए हैं, जिनमें से 75 प्रतिशत की उल्लेखनीय उत्तरजीविता दर है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय सामुदायिक भागीदारी पर सरकार के जोर को दिया, उन्होंने कहा कि जब सार्वजनिक आंदोलन सरकारी पहलों के साथ जुड़ते हैं, तो सफलता अवश्यंभावी है। उन्होंने वन विभाग से स्थानीय समुदायों के साथ सहयोग करके वृक्षारोपण और वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देना जारी रखने का आग्रह किया, इस बात पर जोर देते हुए कि वनों की रक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए सक्रिय सार्वजनिक भागीदारी की आवश्यकता है।

# Mahakumbh 2025: कुंभ क्षेत्र में 'कला कुंभ' का होगा आयोजन, भारतीय संस्कृति से जुड़ी कला के सभी आयामों की लगेगी प्रदर्शनी

प्रयागराज , प्रयागराज महाकुंभ भारतीय संस्कृति का दर्पण बने प्रदेश की सरकार इस्-ाका सतत प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश के संस्कृति विभाग की तरफ से इसे लेकर विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इससे आस्था के इस महा समागम में आस्था और अध्यात्म के विविध रंगों के साथ समृद्ध भारतीय संस्कृति के भी विभिन्न स्वरूपों के दर्शन होंगे।

यूपी के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जय वीर सिंह ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में सनातन धर्म की धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं के दिव्य और भव्य दर्शन के साथ भारत की समृद्ध भारतीय संस्कृति की झलक भी दिखेगी। संस्कृति विभाग की तरफ से इसे लेकर कई आयोजन किए जाएंगे। महाकुंभ आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक त्रिवेणी में पुण्य स्नान करने के बाद भारतीय संस्कृति के विविध आयामों से भी अवगत हो सकें, इसके लिए सबसे पहले कला कुंभ का आयोजन होगा। नागवासुकी क्षेत्र के पास कला कुंभ शिविर बनाया जाएगा जिसमे देश भर की विविध कलाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

**कुंभ क्षेत्र में तीन वृहद सांस्कृतिक मंचों में होगी प्रस्तुतियां**



महाकुंभ में संगम आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भारत की परंपराओं के साथ यहां की कलाओं और उसके विविध विधाओं के भी दर्शन हो इसके लिए कुंभ क्षेत्र तीन बड़े सांस्कृतिक मंच बनाए जाएंगे। इनकी क्षमता एक हजार से अधिक दर्शकों की होगी। कुंभ क्षेत्र में झूंसी, अरैल संगम क्षेत्र में इनका निर्माण किया जाएगा। स्नान पर्वों को छोड़कर पूरे महाकुंभ में 35 दिन यहां शास्त्रीय और उप शास्त्रीय प्रस्तुतियां होंगी। इसके अलावा परेड ग्राउंड में गंगा पंडाल में भी देश के जाने माने सेलिब्रिटी कलाकारों की प्रस्तुतियां होती रहेंगी।

**लोक कलाकारों को मिलेगा मंच, शहर में 20 स्थानों पर बनेंगे लघु सांस्कृतिक मंच**

अतिथि देवो भव के मूलमंत्र को लेकर महाकुंभ आने वाले आगंतुकों का अभिनन्दन होगा। कुंभ क्षेत्र के अलावा शहर के अंदर भी जगह जगह प्रस्तुतियों के लिए मंच तैयार किए जाएंगे। विभिन्न मार्गों से शहर होकर कुंभ क्षेत्र जाने वाले आगंतुकों के अभिनंदन और मनोरंजन के लिए 20 लघु सांस्कृतिक मंचों का निर्माण किया जाएगा। ये मंच पूरी तरह लोक कलाकारों को समर्पित होंगे। यहां अलग-अलग लोक कलाओं के दक्ष कलाकार दिन रात अपनी प्रस्तुतियां देंगे। 10 जनवरी 2025 से ये प्रस्तुतियां आरम्भ करने की संस्कृति विभाग का योजना है।

प्रयागराज महाकुंभ में लघु भारत की झलक दिखेगी। भारतीय संस्कृति की विरासत, कला और संगीत के विभिन्न आयामों का समावेश करने के लिए संस्कृति विभाग की तरफ कुंभ में कई आयोजन किए जा रहे हैं। जिससे की धार्मिक, आध्यत्मिक कला कुंभ के आयोजन में, चार वृहद सांस्कृतिक मंच और कुंभ क्षेत्र के बाहर 20 लघु सांस्कृतिक मंचों की स्थापना की जाएगी जिसमें हजारों लोक कलाकारों को अपनी प्रदेश एवं देश कला की प्रस्तुति का मंच मिलेगा।

# महाकुम्भ-2025 की जानकारी के लिए करे मोबाईल एप डाउनलोड : डीएम

**बस्ती**

महाकुम्भ-2025 का आयोजन आगामी 14 जनवरी से 26 फरवरी 2025 के मध्य उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज में किया जा रहा है। मेला क्षेत्र गंगा एवं यमुना नदी के किनारों पर लगभग 4200 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। मेला क्षेत्र में दिन के समय तापमान कभी-कभी 9 डिग्री तथा रात्रि में लगभग 2 डिग्री तक हो सकता है। दिन में धूप न होने पर घने कोहरे की स्थिति भी बन जाती है। उक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने बताया कि महाकुम्भ मेला 2025 मोबाईल एप डाउनलोड करें और मेला की जानकारी प्राप्त करें। उन्होने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में महाकुम्भ हेल्पलाइन 1920, पुलिस हेल्पलाइन 112 एवं आपदा हेल्पलाइन 1077 से सम्पर्क करें।

उन्होने श्रद्धालुओं से अपील किया है कि यात्रा से पूर्व निवास स्थान सुनिश्चित करें। बदलते मौसम के अनुसार कपड़े एवं खान-पान का सामान साथ रखें। गर्म एवं ऊनी वस्त्र साथ में अवश्य रखें। मौसम की पूर्व जानकारी हेतु मौसम विभाग (आईएमडी) की वेबसाइट देखें। आपदा की पूर्व चेतावनी हेतु सचेत मोबाइल एप डाउनलोड कर चेक करें। 60 वर्ष से अधिक आयु या पूर्व से बीमार व्यक्ति यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच अवश्य कराए। डॉक्टर की सलाह के उपरान्त ही यात्रा करें। पूर्व से बीमार व्यक्ति अपने चिकित्सक का परामर्श पर्चा एवं चिकित्सक का संपर्क नम्बर एवं चिकित्सक द्वारा लिखी गयी दवाईयां अपने साथ रखें। हृदय रोग, श्वास रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगी यात्रा के समय विशेष सावधानी बरतें। यदि आप आयुष्मान कार्ड धारक है, तो कृपया अपना आयुष्मान कार्ड साथ में रखे जिससे कि आकस्मिकता की स्थिति में सरकारी एवं निजी चिकित्सालय में आयुष्मान मुफ्त योजना के अतर्गत इलाज प्राप्त हो सके।

उन्होने मेला क्षेत्र में स्नान एवं दर्शन के लिए श्रद्धालुओं से अपील किया है कि संगम क्षेत्र पहुँचने हेतु पैदल भी चलना पड़ सकता है। इसीलिए शरीर में पानी का स्तर बनाये रखने के लिए पानी/ओआरएस का घोल पीते रहें। मेला क्षेत्र में अत्याधिक भीड़ की सम्भावना होने के द्दष्टिगत गर्भवती महिलाएं विशेष सावधानी बरतें। बच्चों, वृद्धजनों एवं गर्भवती महिलाओं को अकेले स्नान ना करने दें। गहरे पानी में जाने से बचें। चप्पल-जूते का प्रयोग करें एवं कीचड़ वाले स्थान पर ना चलें। सिर दर्द होना, चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी आना, हाथ-पांव व होठों का नीला पड़ना, थकान होना, सास फूलना, खाँसी होना अथवा अन्य लक्षण होने पर मेले में स्थापित निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से तत्काल संपर्क करें। मधुमेह, हृदय रोग, सांस रोग से ग्रसित श्रद्धालु अपनी दवा निरंतर समय से लें। खाने से पहले और शौचालय उपयोग के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं। प्रवास के दौरान खाद्य पदार्थों के प्रयोग में विशेष सावधानी बरतें तथा खुले व दूषित भोज्य पदार्थों के प्रयोग से बचें। धूम्रपान और नशीले पदार्थों का सेवन न करें। मेला क्षेत्र में मच्छरों से बचाव हेतु यद्यपि छिड़काव, धुंआ किया जाता है. फिर भी मच्छरों से बचने हेतु मच्छर रेपेलेन्ट भी साथ रखें।

उन्होने कल्पवासियों से अपील किया है कि सरकारी नल/वाटर एटीएम के पानी का उपयोग करें एवं खाने पीने हेतु उबालने के बाद ही प्रयोग करें। सब्जी, फल इत्यादि को अच्छे से धो कर ही सेवन करें। खाने से पहले और शौचालय उपयोग के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं। सिर दर्द होना, चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी आना, हाथ-पांव व होठों का नीला पड़ना, थकान होना, सास फूलना, खाँसी होना अथवा अन्य लक्षण होने पर मेले में स्थापित निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से तत्काल संपर्क करें। मधुमेह, हृदय रोग, सांस रोग से ग्रसित श्रद्धालु अपनी दवा निरंतर समय से लें। गरम कपड़े, कंबल, रजाई पर्याप्त मात्रा में रखें। धूम्रपान और नशीले पदार्थों का सेवन न करें। हीटर, अलाव, इत्यादि का प्रयोग टेंट के अंदर ना करें। इससे आग लगने का खतरा हो सकता है तथा हानिकारक गैसो के एकत्र होने से स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल परिस्थितिया उत्पन्न हो सकती है।

## बुलंदशहर सड़क हादसे में देवरानी-जेठानी समेत चार की मौत

**बुलंदशहर**

कोतवाली देहात क्षेत्र में गुरुवार की देर रात को ऑटो और कैंटर की टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो सवार देवरानी और जेठानी समेत चार लोगों की मौत हो गई। ऑटो में सवार लोग शादी समारोह में हल्दी रस्म के कार्यक्रम से लौट रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेकर अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को हर संभव मदद करने के निर्देश दिए हैं।

देहात कोतवाली के कुड़वल बनारस की रहने वाली गंगावती (70) मचकौली गांव में रिश्तेदार अजय की बहन की शादी से पहले होने वाले हल्दी रस्म कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गुरुवार को गयी थी। उनके साथ उनकी देवरानी राजेंद्री (55), बहू राधा के अलावा विशनवती, ममता, भारती और सविता मौजूद थी। ऑटो गांव का टीकम सिंह चला रहा था।

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी गुरुवार की रात को वापस ऑटो से लौट रही थी। गांव के पास एक शराब ठेके के सामने गुलावठी की ओर से आ रहे कैंटर (यूपी–16 ईटी 3593) ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में गंगावती उसकी देवरानी राजेंद्री की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बहू राधा ने और एक अन्य युवक ने अस्पताल में दम तोड़ा। ग्रामीणों ने घटना के बाद हंगामा शुरू कर दिया।

सूचना के बाद एडीएम प्रशासन डा. प्रशांत कुमार, एसपी सिटी शंकर प्रसाद अन्य पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गये। पुलिस ने कैंटर चालक को हिरासत में ले लिया। कार्रवाई का भरोसा देकर आक्रोशितों को शांत कराते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

## ओपीएस लेकर रहेंगेः आर पी सिंह, महामंत्री एनसीआरईएस

**झांसी**

आज नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्प्लॉइज संघ के महामंत्री एवं एनएफआईआर के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आर पी सिंह ने वैगन मरम्मत कारखाना झांसी में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनएफआईआर के द्वारा एनपीएस लागू होने के दिन से ही विरोध किया जा रहा है और इसे तमाम परिवर्तन के बाद यूपीएस के रूप में देकर 24 अगस्त को भारत सरकार ने कर्मचारियों के साथ छल किया है। जिससे कर्मचारी ठगा हुआ महसूस कर रहा है, एनसीआरईएस आपको विश्वास दिलाता है कि कर्मचारियों की कटौती की दस प्रतिशत की राशि के साथ साथ सरकार द्वारा मिलाई जाने वाली साढ़े अठारह प्रतिशत राशि को कर्मचारियों के हक में दिलाने तक जमीनी संघर्ष जारी रहेगा। वहीं दूसरी यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री द्वारा यह कहकर आंदोलन करने से इंकार किया जा रहा है कि कर्मचारी अब खुश हैं जो लोग आंदोलन करेंगे वो राजनीति से प्रेरित होगा ऐसी विचारधारा वाले संगठन की अब रेलकर्मियों को भी आवश्यकता नहीं है। रेलकर्मियों ने दिनांक 25-08-2024 को मीडिया में दिए गए उनके बयान से हकीकत को समझ लिया है और 4, 5, 6 दिसम्बर को होने वाले मान्यता के चुनाव में ऐसे संगठन को सबक सिखाने का प्रण ले लिया है।

## अभिनेत्री नयनतारा हुई 40 साल की, मनाया बर्थडे



**मुंबई**

अभिनेत्री नयनतारा 40 साल की हो गई है। एक्ट्रेस धूमधाम से अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। अभिनेत्री का डॉक्यूमेंट्री विवाद भी छाया हुआ है। अभिनेत्री की जिंदगी पर बेस्ड डॉक्यूमेंट्री ह्यनयनताराः बियॉन्ड द फेयरी टेलह्ल को लेकर लेडी सुपरस्टार नयनतारा और धनुष के बीच भी तकरार बढ़ती जा रही है।

दरअसल, डॉक्यूमेंट्री में फिल्म नानम राउडी धान का एक गाना डालने पर प्रोड्यूसर और एक्टर धनुष ने नोटिस दिया है। नानम राउडी धान फिल्म के प्रोड्यूसर धनुष थे। जिस पर अभिनेत्री ने धनुष को जमकर खरी खोटी भी सुनाई और सोशल मीडिया पर एक लंबा नोट पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मेरे जीवन, मेरे प्यार और शादी के बारे में इस नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री में इंडस्ट्री के कई दोस्तों के क्लिप शामिल हैं, जिन्होंने अपना सहयोग दिया है, लेकिन दुख की बात है कि इसमें सबसे खास और महत्वपूर्ण फिल्म नानम राउडी धान शामिल नहीं है।उन्होंने बताया कि दो साल तक एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के लिए अभिनेता से जूझने और डॉक्यूमेंट्री रिलीज के लिए उनकी मंजूरी का इंतजार करने के बाद टीम ने आखिरकार फिर से एडिटिंग करने और मौजूदा वर्जन के लिए समझौता करने का फैसला लिया है।

बता दें कि इससे पहले भी लेडी सुपरस्टार कई बार सुर्खियों में आ चुकी हैं । बात साल 2014 की है, जब नयनतारा का एक एमएमएस लीक हो गया था। इस वीडियो में नयनतारा एक्टर सिंबू को किस करती नजर आ रही थीं। यह वीडियो जमकर वायरल हुआ था। इससे पहले नयनतारा ने एक इवेंट में ब्राउन कलर की स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहनकर ग्लैमरस अंदाज में शिरकत की थी। अभिनेत्री को बॉडी शेमिंग का शिकार होना पड़ा था। हालांकि, फिल्म जगत के तमाम सितारों ने अभिनेत्री का समर्थन किया और ट्रोलर्स को जमकर खरी खोटी सुनाई थी।

## बेहद हसीन तस्वीरों की सीरीज शेयर की माधुरी दीक्षित ने

**मुंबई**

सोशल मीडिया को खूबसूरत पोस्ट से गुलजार रखने वाली अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने एक बार फिर से अपनी बेहद हसीन तस्वीरों की सीरीज शेयर की है। देवदास की चंद्रमुखी ने अपनी खूबसूरत तस्वीरों की झलक दिखाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम का सहारा लिया।

गोल्डन आउटफिट में तस्वीरें शेयर कर अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा सोने की चमक कुछ पल की है, प्यार का नूर तो हमेशा का है। शेयर की गई तस्वीरों में माधुरी कमाल की लग रही हैं। एक से बढ़कर एक हिट फिल्में देने वाली अभिनेत्री की तस्वीरों को उनके फॉलोअर्स काफी पसंद कर रहे हैं। गोल्डन आउटफिट वाली माधुरी



दीक्षित की तस्वीरों पर कमेंट कर उनके एक फैन ने लिखा, आप एवरग्रीन हैं। एक अन्य ने लिखा कमाल है। दूसरे ने लिखा आप हर लुक में खूबसूरत लगती हैं। माधुरी दीक्षित का इंस्टाग्राम उनकी एक से बढ़कर एक खूबसूरत तस्वीरों से भरी पड़ी है। अभिनेत्री वेस्टर्न हो या ट्रेडिशनल, हर लुक में कमाल लगती हैं और एवरग्रीन अभिनेत्री के हर लुक को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं।

बता दें कि हाल ही में अभिनेता अनिल कपूर ने ह्यतेजाबह्ल के 36 साल पूरे होने का जश्न सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर कर मनाया। अभिनेता ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें कुछ लोग एक दो तीन चारह्ल गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं। तेजाब में अनिल कपूर के साथ लीड रोल में माधुरी थीं और फिल्म का एक-दो-तीन गाना आज भी लोगों की जुबान पर है। वर्कफ्रंट की बात करें तो माधुरी दीक्षित दीपावली के मौके पर एक नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आई थीं।

# जैकी श्रॉफ फिल्म फेस्टिवल का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त

**मुंबई**

आगामी 22 नवंबर से 8 दिसंबर तक आयोजित होने वाले ऑल लिविंग थिंग्स एनवायर्नमेंटल फिल्म फेस्टिवल का अभिनेता जैकी श्रॉफ को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। इस महोत्सव में फिल्मी हस्तियां और प्रोडक्शन बैनर जैसे इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस, अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर, फिल्म निमार्ता रिची मेहता, पद्म श्री पुरस्कार विजेता सुरेश वाडकर, वाइल्डलाइफ फिल्ममेकर गौतम पांडे सहित कई अन्य कलाकार और फिल्ममेकर्स भी भाग लेंगे।

एएलटीईएफएफ का उद्देश्य सिनेमा की शक्तिशाली छवि के माध्यम से जलवायु जागरूकता बढ़ाना है, और इस दिशा में जैकी श्रॉफ का विचारशील योगदान महोत्सव के मुख्य उद्देश्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। एएलटीईएफएफ के ब्रांड एंबेसडर के रूप में अपनी नियुक्ति पर जैकी श्रॉफ ने कहा, मुझे बेहद खुशी है कि मुझे एएलटीईएफएफ के ब्रांड एंबेसडर के रूप में चुना गया है, और विशेष रूप से ट्रांसफॉर्मेटिव क्लाइमेट एक्शन पर काम करने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं। फिल्में लोगों को जोड़ने का एक शानदार तरीका हैं, और अगली पीढ़ी के बेहतर कल के लिए प्रेरित करने के लिए हमारे अपने फिल्मों से बेहतर क्या हो सकता है।



एएलटीईएफएफ एक फिल्म महोत्सव से कहीं अधिक है, यह हम सभी का एक बड़ा सहयोग है, और मैं इस दिशा में काम करने के लिए बहुत उत्सुक हूं। एएलटीईएफएफ 2024 में रेड कार्पेट मोमेंट्स, सिनेमा की एक शाम, क्लाइमेट एक्शन के आसपास समुदाय और संवाद, एएलटीईएफएफ 2024 बेस्ट ऑफ फेस्टिवल फिल्म की स्क्रीनिंग और एक पुरस्कार समारोह जैसे आकर्षक कार्यक्रम होंगे।

वर्कफ्रंट की बात करें तो जैकी श्रॉफ की हालिया ब्लॉकबस्टर सिंघम अगेन में उनके नेगेटिव किरदार उमर हफीज को शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इसके अलावा, वह अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन में बब्बर शेर का किरदार निभाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ अभिनेता वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। बेबी जॉन 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म के पहले लुक का रिवील किया गया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।

## किसी की निजी जिंदगी पर कमेंट नहीं करना चाहताः सुधांशु पांडे



**मुंबई**

छोटे परदे की एक्ट्रेस रुपाली गांगुली के लिए बीते कई महीने मुश्किलों भरे रहे हैं। एक्ट्रेस पर पहले कई को-स्टार्स ने बुरा व्यवहार करने के आरोप लगाए। इतना ही नहीं, उनकी सौतेली बेटी ने उनपर मारपीट और डराने के कई गंभीर आरोप लगाए। सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर एक्ट्रेस की सौतेली बेटी ईशा वर्मा ने एक्ट्रेस पर उनका घर तोड़ने और उनके पिता को छीनने का आरोप लगाया था। इन सबके बीच रुपाली गांगुली के को-स्टार रहे सुधांशु पांडे ने एक्ट्रेस पर लगे इन आरोपों पर रिएक्ट किया है। बातचीत के दौरान सुधांशु पांडे ने उनकी को-स्टार रही रुपाली गांगुली पर लगे आरोपों पर रिेयेक्ट किया है। एक्टर ने डिटेल में बात करने से इनकार करते हुए कहा कि वो उनकी निजी जिंदगी है और वो किसी की निजी जिंदगी पर कमेंट नहीं करना चाहते हैं। बातचीत के दौरान सुधांशु कहते हैं, ह्यमैं इस बारे में बात नहीं करूंगा क्योंकि ये किसी का बहुत ही निजी मामला है। किसी के पर्सनल मैटर के बारे में बात करना सही बात नहीं है।ह्ल वो आगे कहते हैं, ह्यमुझे लगता है कि इसकी जरूरत नहीं है। हम सबके जीवन में ऐसी चीजें होती हैं और हम अपने-अपने तरीकों से इससे डील करते हैं। बाकी सब भगवान पर छोड़ देते हैंह्ल। बता दें, सुधांशु पांडे के शो छोड़ने के पीछे एक्ट्रेस रुपाली गांगुली को बताया जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस से लड़ाई का बाद ही उन्होंने शो छोड़ा। सुधांशु के बाद मदालसा शर्मा सहित कई एक्टर्स ने शो छोड़ा और कई ने रुपाली पर पॉलिटिक्स करने के आरोप भी लगाए। कई सितारों ने दावा किया कि रुपाली सेट पर काफी राजनीति करती हैं। हालांकि एक्ट्रेस ने इन बयानों पर चुप्पी साधी हुई है।

### मानुषी ने शेयर किया दिल छू लेने वाला वीडियो

**मुंबई**

वर्तमान में मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने की 7वीं सालगिरह का जश्न मना रही हैं। मानुषी को 7 साल पहले मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया था, जो न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल था। हरियाणा के रोहतक में जन्मी मानुषी की इस सफलता ने राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाया और आज जब वह अपनी यात्रा को याद कर रही हैं, तो उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ एक दिल छू लेने वाला वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में, मानुषी को देख कर युवा लड़कियों को प्रेरणा मिलती है, जो उनके नक्शेकदम पर चलने और वही अविश्वसनीय सफलता प्राप्त करने का सपना देखती हैं। इस खास मौके पर मानुषी ने सोशल मीडिया के जरिए मिस इंडिया ऑर्गनाइजेशन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, ह्लइन वीडियो को भेजने के लिए मिस इंडिया को धन्यवाद, धन्यवाद मिस वर्ल्ड, यह हमेशा मेरे लिए सबसे खास पल रहेगा। मैं एक छोटी लड़की थी जब मैंने ताज पहनने और भारत को गौरवान्वित करने का सपना देखा था! मुझे बच्चों के बड़े सपने देखने और उसमें मेरी भूमिका निभाने से ज्यादा खुशी किसी और चीज से नहीं मिलती।

## बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी : पहला दिन रहा गेंदबाजों के नाम



**पर्थ**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से यहां पर्थ में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट शुरू हुआ। इसमें पहले दिन का खेल गेंदबाजों के नाम रहा। जहां भारतीय टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में ही अपनी पहली पारी में 150 रनों पर सिमट गई। वहीं इसके बाद मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भी दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में 67 रनों पर ही 7 विकेट खो दिये। स्टंप्स के समय मिचेल स्टार्क 6 , एलेक्स कैरी 19 रनों पर खेल रहे थे।

इस प्रकार पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलियाई टीम अभी भी भारतीय टीम से 83 रन से पीछे है। इस मैच में गेंदबाज इस कदर हावी रहे कि एक ही दिन में 17 विकट गिर गये जबकि दोनो ही टीमों ने कुल मिलकर 227 रन बनाये। भारतीय टीम की ओर से कप्तानी करते हुए जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज ने दो और हर्षित राणा ने एक विकेट लिया। वहीं इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही। बुमराह ने दोनों ओपनरों उस्मान ख्वाजा (8), नाथन मैकस्वीनी (10), स्टीव स्मिथ (0) और पैट कमिंस (3) का विकेट लिया। एक विकेट हर्षित राणा के नाम रहा जिन्होंने ट्रेविस हेड को 11 रन पर अपना शिकार बनाया। मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट अपने नाम किए जिसमें मिशेल मार्श (6) और मार्नस लाबुशाने (2) शामिल थे

ऋषभ पंत 37 , केएल राहुल 26 और नीतिश कुमार रेड्डी 41 के अलावा भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज असफल रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजनवुड ने 4 विकेट लिए। भारतीय टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज सशस्वी जायसवाल आज असफल रहे। यशस्वी और देवदत्त पड्डिकल खाता भी नहीं खोल पाये जबकि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी पांच रन ही बना पाये।

मैच में ऋषभ और नीतिश के बीच सातवें विकेट के लिये 48 रन की साझेदारी हुई। पंत ने आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर एक बड़ा छक्का भी लगाया।

स्टार्क और जोश हेजलवुड ने भारतीय शीर्षक्रम को टिकने ही नहीं दिया। स्टार्क ने 11 ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिये जबकि हेजलवुड ने 13 ओवर में 29 रन देकर चार विकेट लिए। कमिंस ने 15.4 ओवर में 67 रन देकर दो विकेट लिए। ऋषभ और नीतिश ने कुछ अच्छे शॉट्स खेले। इन दोनों के अलावा विराट सहित अन्य बल्लेबाज सहज नहीं दिखे।

# शमी ने मांजरेकर को करारा जवाब दिया

**नई दिल्ली**

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर की उस बयान के लिए कड़ी आलोचना की है। जिसमें मांजरेकर ने कहा है कि फिटनेस सही नहीं होने के कारण आईपीएल 2025 के लिए शमी पर टीमें अधिक रकम लगाने का जोखिम नहीं उठाएंगी। शमी ने कहा कि मांजरेकर कमेंटटर का काम कर रहे हैं पर उन्हें इस प्रकार की आधारहीन बातें नहीं करनी चाहिये। आईपीएल में 2013 में पदार्पण के बाद से शमी ने 110 मैचों में 127 विकेट लिए हैं। उन्होंने टखने की चोट के कारण सर्जरी के बाद करीब एक साल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में हाल ही में वापसी की है। शमी को इस बार मेगा नीलामी से पहले गुजरात टाइटंस ने रिलीज कर दिया। नीलामी में उनका बेस प्राइज दो करोड़ रूपए है। शमी ने सोशल मीडिया पर लिखा, ह्य थोड़ा सा ज्ञान अपने भविष्य के लिए भी बचा लो, काम आएगा मांजरेकर जी। साथ ही तंज कसा कि किसी को भविष्य जानना हो तो इनसे मिलें। मांजरेकर ने कहा था कि शमी के लिये कई टीमें बोली लगा सकती है लेकिन उन्हें नहीं लगता कि टीमों के बीच उनके लिये होड़ होगी। उन्होंने कहा था, ह्यटीमों की उनमें रुचि होगी लेकिन चोटों के उनके इतिहास को देखते हुए सत्र के बीच में बाहर होने की आशंका रहती है इसलिए टीमें जोखिम नहीं लेना चाहेंगे क्योंकि अगर शमी




बीच में बाहर होते हैं तो उनका पैसा फंस जाएगा। इसलिए उनकी कीमत घट सकती है।

## अब बीबीएल में सिडनी थंडर की कप्तानी करते दिखेंगे वॉर्नर

**सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर अब घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) 2024-25 लीग में सिडनी थंडर की कप्तानी करते हुए नजर आयेंगे। वॉर्नर को साल 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में गेंद से छेड़छाड़ को लेकर आजीवन कप्तानी के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। उस समय वह टीम के उपकप्तान थे। इसके बाद वार्नर टीम में वापसी करने में सफल हुए पर उनका करियार अधिक नहीं चल पाया।

वॉर्नर ने कुछ समय पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इस क्रिकेटर ने कप्तानी पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ अपील की थी। जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के आचार संहिता आयोग ने उन पर लगे प्रतिबंध को समाप्त कर दिया। समीक्षा पैनल ने कहा, ह्यवार्नर जवाबों के सम्मानजनक तथा पश्चाताप




भरे लहजे ने समीक्षा पैनल को प्रभावित किया और उन्हें अपने आचरण के लिए अत्यधिक पश्चाताप है। इसके बाद उन्हें सिडनी थंडर का कप्तान बनाये जाने की घोषणा की गई।

वहीं सिडनी थंडर का कप्तान बनाए जाने पर उत्साहित वॉर्नर ने कहा, ह्यएक बार फिर सिडनी थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं शुरूआत से ही इस टीम का हिस्सा रहा हूं। अब अपने नाम के आगे ह्यसी के साथ वापस आना बहुत अच्छा लग रहा है। वार्नर ने इससे पहले 2011 में एक बार थंडर का नेतृत्व किया था।


## विशेष सूचना

आज से समाचार पत्रा में वही संवाददाता वैध रहेंगे जिनके नाम प्रेस लाईन के ऊपर बने बॉक्स में दशार्ये गये हैं।

समाचार व विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।

सारिका

डेक्स एडिटर

7500992656

---

नाथीराम कश्यप

विशेष संवाददाता, लक्सर

9411119095

---------

शादाब अली

देहरादून

मो. 9897139325

------

शमशाद अहमद

Jhuggijhoparee@gmail.com

सभी राज्यों में, जिला, तहसील व ब्लॉक, स्तर पर प्रभारी व रिपोर्टर पद हेतू कार्य करने के इच्छुक युवक/युवतियां सम्पर्क करें।

अमित कुमार मंगोलिया

सम्पादक

प्रधन कार्यालय

मिशन नेशनल न्यूज, पुल जटवाड़ा, घास मण्डी, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो. 9219141431

किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा


स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक अमित कुमार ने जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार ;उत्तराखण्ड से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः घास मण्डी, वाल्मीकि बस्ती, ज्वालापुर, हरिद्वार पिन 249407 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा सम्पादकः अमित कुमार